● जयपुर, शनिवार 30 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 102 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 पर्यटन विभाग द्वारा पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज...
पेज @4 उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द बिश्नोई के उचित मॉनीटरिंग...
पेज @8 मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ आचार्य शशांक सागर के सानिध्य में हुआ...

न्यूज़ अपडेट

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षा बलों ने दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री की बरामद

**पुंछ/एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री समेत संदिग्ध सामान बरामद किया।
अधिकारियों के अनुसार मेंढर तहसील के छाजला पुल के नीचे एक संदिग्ध वस्तु देखे जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र को तुरंत घेर लिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।
तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को दो आईईडी, एक किलोग्राम से अधिक वजन का आरडीएक्स जैसा विस्फोटक पदार्थ, एक बैटरी, दो कंबल और कुछ खाने-पीने की चीजें मिली है। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं पुंछ मेंढर मार्ग को बंद कर दिया गया है।
सुरक्षा बलों ने इस बरामदगी को एक बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि यह आतंकियों द्वारा संभावित हमले की योजना का हिस्सा हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।
पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में जुड़े लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही हैं।

## भुवनेश्वर में सैंड आर्टिस्ट ने बनाई पीएम मोदी की आकृति, स्वागत की भव्य तैयारी

**भुवनेश्वर/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भुवनेश्वर दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनता में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पीएम मोदी के सम्मान में विशाल आकृति बनाई है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने आज पुरी समुद्र तट पर एक खूबसूरत सैंड आर्ट बनाई है। यह पीएम मोदी के ओडिशा दौरे से पहले बनाई गई है।
पटनायक ने अपनी कला के माध्यम से पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए रेत पर एक शानदार चित्र उकेरा है। उनकी सैंड आर्ट में प्रधानमंत्री के चित्र और संदेश के साथ ओडिशा की संस्कृति और धरोहर को भी दर्शाया गया।
यह आर्टवर्क दर्शकों और पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। यह चित्र पूरी तरह से रेत से बनी हुई थी और उसकी बारीकी और विस्तार से दिखाई दे रही कला की सुंदरता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
पीएम मोदी 29 नवंबर को भुवनेश्वर में तीन दिवसीय पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन पहली बार भुवनेश्वर शहर में आयोजित किया जा रहा है।
इस दौरान पीएम मोदी भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजभवन तक रोड शो करेंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली नगरीय विकास विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

## हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों का ऑनलाइन विवरण के संबंध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार बजट घोषणाओं को समय पर करें पूराः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शहरी बुनियादी ढ़ांचे को विश्व स्तरीय बनाने एवं जनसुविधाओं को सशक्त, समावेशी बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। नागरिकों को दी जा रही सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाया जाए तथा नगरीय विकास के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाए ताकि शहरी विकास के नए आयाम स्थापित हो सके।मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बजट में विभागीय घोषणाओं की समीक्षा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की अधिक जरूरत वाले स्थानों पर संसाधनों का पहले प्रयोग किया जाए ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके।जयपुर को ट्रेफिक से निजात दिलाने के लिए बनाएं प्रभावी कार्ययोजना शर्मा ने कहा कि बढ़ती आबादी के चलते जयपुर में यातायात भार लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र का बेहतर ट्रेफिक प्रबंधन बेहद जरूरी है। उन्होंने ट्रेफिक जाम से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल एवं गांधीनगर मोड़ पर बढ़ रहे यातायात भार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक डाइवर्जन के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी विकास किया जाए।
मुख्यमंत्री ने रिद्धी-सिद्धी फ्लाईओवर, इमली फाटक फ्लाईओवर, सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलिवेटेड रोड़,सिविल लाइन्स आरओबी, रामबाग गोल्फ क्लब पार्किंग की प्रगति की जानकारी ली तथा इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्यवती नदी का सौन्दर्यकरण,आई.पी.डी. टावर के निर्माण,जयपुर मेट्रो के विस्तार, रिंग रोड़ के निर्माण, आरओबी, आरयूबी,सेक्टर रोड़, ऐलिवेटेड रोड़ सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





### हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों का विवरण हो ऑनलाइन

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का मुख्य काम आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में मण्डल अपनी आवासीय योजनाओं की गति में तेजी लाए। साथ ही, मण्डल की सभी सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन हो ताकि लोगों को इनकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नई आवासीय योजनाओं में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, साथ ही ऑनलाइन आवेदन तथा ई-नीलामी की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए।

### रिक्त पदों पर शीघ्र करें भर्ती

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नगर नियोजक सहित नगरीय विकास विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। नगरीय विकास विभाग द्वारा जल्द से जल्द अपने अभियान्त्रिकी संवर्ग के सेवा नियम बनाए जाएं जिससे राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र नवीन पदों पर भर्ती की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विभागों में लम्बे समय से एक स्थान पर कार्यरत कार्मिकों को बदला जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### कार्मिकों के लम्बित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त कार्मिकों को नहीं बख्शा जाए तथा ईमानदार कार्मिक को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग में कार्मिकों से संबंधित सभी लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करे। बैठक में शहरी परिदृशय एवं नगरीय निकायों की स्थिति, विभागीय महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट, नवाचारों, मास्टर प्लान एवं जोनल डवलपमेंट प्लान की स्थिति सहित विभिन्न विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा की गई बैठक में प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया ने नगरीय विकास विभाग के कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव सुधांश पंत,अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा फिर स्थगित : इस्कॉन के पुजारी की गिरफ्तारी, मणिपुर और संभल पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

राज्यसभा में शुक्रवार को भी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने मणिपुर में कानून व्यवस्था पर चर्चा करने की मांग की। कई सांसद संभल में हुए उपद्रव और उसके बाद उत्पन्न कानून व्यवस्था पर चर्चा चाहते थे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा कराने की मांग भी राज्यसभा में की गई। विपक्षी सांसद चाहते थे कि नियम 267 के अंतर्गत यह बहस कराई जाएं, लेकिन सभापति की ओर से इसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की गई। इसके बाद सदन में काफी हंगामा हुआ और कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है इसी सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ था। मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस कार्यक्रम के अलावा अब तक चार दिनों में एक दिन भी सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। शुक्रवार को चर्चा के लिए विपक्ष के 17 सदस्यों ने नोटिस दिया था। सभापति जगदीप धनखड़ ने इस संबंध में बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत चर्चा के लिए 17 नोटिस दिए गए हैं। रामजीलाल सुमन, डॉ जॉन बिटास, एए रहीम व बी शिवादासन आदि सांसद संभल में हुई हिंसा और कानून व्यवस्था की स्थिति पर राज्यसभा में चर्चा चाहते थे।

## एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत, 3 की हालत गंभीर

**पटना/एजेंसी।**


बिहार के अरवल जिले में एक दर्दनाक सड×क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना जिले के टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसादी इंग्लिश गांव के पास शाम करीब 7.30 बजे हुई। टाउन थाना के एसएचओ अली साबरी ने बताया कि पीड़ित जिले के कलेर थाना के अंतर्गत कामता गांव के निवासी हैं। वे एक महिंद्रा स्कॉर्पियो एसयूवी में सवार होकर पटना में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।
साबरी ने बताया, दुर्घटना उस समय हुई जब तेज गति से जा रही गाड़ी एक छोटे स्पीड ब्रेकर से टकरा गई। चालक ने एसयूवी पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे एसयूवी फिसल गया और सड़क के पास सोन नहर में जा गिरा।

इन 2 शहरों के बीच होगा ट्रायल रन

# देश में हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय रेलवे ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन लॉन्च करने की तैयारी में है। यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशनों के बीच जल्द ही ट्रायल रन के लिए दौड़ेगी। इस हाइड्रोजन ट्रेन का डिजाइन रेलवे की शोध, डिजाइन और मानक संगठन (क्रष्ठस्ह्र) द्वारा विकसित किया गया है। डिजाइन को दिसंबर 2021 में अंतिम रूप दिया गया था। इस ट्रेन का अंतिम ट्रायल अगले साल की पहली तिमाही में होने की संभावना है।
एक की रिपोर्ट के मुताबिक, आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवंकर ने कहा, आरडीएसओ लगातार नए और अभिनव प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करता है। हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग सड×क परिवहन में सफल रहा है। रेलवे में अभी तक इसका व्यापक उपयोग नहीं हो सका है। भारत का यह प्रयास टिकाऊ ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी।
इस ट्रेन में 8 यात्री डिब्बे होंगे, जिनमें एक बार में 2,638 यात्री यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन की अधिकतम गति 110 किमी/घंटा होगी। इसमें तीन डिब्बे हाइड्रोजन सिलेंडरों, ईंधन सेल कन्वर्टर्स, बैटरियों और एयर रिज़र्व के लिए होंगे। यह ट्रेन विशेष रूप से कम दूरी के सफर के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। वर्तमान में चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में ट्रेन का इंटीग्रेशन कार्य प्रगति पर है।
हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के ईंधन सेल से उत्पन्न बिजली का उपयोग मोटर चलाने के लिए करती हैं। जर्मनी और चीन जैसे देशों ने रेल परिवहन में हाइड्रोजन ईंधन पर काम किया है, लेकिन अब तक केवल जर्मनी में एक सफल हाइड्रोजन ट्रेन परिचालित हो रही है। वहां ट्रेन में सिर्फ दो कोच हैं। भारत की यह हाइड्रोजन ट्रेन न केवल तकनीकी दृष्टि से बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इसका लक्ष्य ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देना है।




## सैलरी नहीं बढ़ी तो कर्मचारी ने कर दिया बड़ा कांड, 18 लाख का नुकसान

**बैतूल/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बैतूल में एक हैरान कर देने वाली घटना में, एक शॉपिंग मॉल के कर्मचारी ने सैलरी न बढने पर मॉल में तोड×फोड़ कर लाखों का नुकसान पहुंचाया है। सीसीटीवी फुटेज में कर्मचारी को स्टील के कड़े से 11 एलईडी टीवी और 71 रेफ्रिजरेटर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए साफ देखा जा सकता है। बैतूल के गुप्ता मॉल में हुई इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। मॉल के मैनेजर के अनुसार, कर्मचारी कमल पवार ने दीपावली से पहले सैलरी बढ़ाने की मांग की थी, जिसे ठुकरा दिया गया था। गुस्से में आकर उसने मॉल में पहुंचकर ये हरकत की। पुलिस ने कमल पवार को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मानसिक रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए उसे जमानत मिल गई है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड :

## लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को जेल से बाहर निकालने और विदेश भेजने का दिया था भरोसा

**मुंबई/एजेंसी।** एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में नया मोड़ आया है। एनसीपी नेता की हत्या में शामिल एक आरोपी ने यह स्वीकार कर लिया है कि जब बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची जा रही थी, तब उसने गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को यह जानकारी दी।
गौतम ने अधिकारियों को बताया कि हत्या की योजना बनाने के दौरान उसने लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी, जो गुजरात की जेल में बंद है। शूटर ने बताया कि इस दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को हत्या के बाद पुलिस से डरने की जरूरत नहीं होने का आश्वासन दिया था। बिश्नोई ने गौतम से कहा था कि अगर वह पकड़ा जाता है, तो भी वह घबराए नहीं, उसे जेल से कुछ ही दिनों में बाहर निकाल लिया जाएगा।
शूटर गौतम ने आगे बताया कि बिश्नोई ने हत्या के लिए उसे 12 लाख रुपये देने का वादा किया था। इसके अलावा, उसे जेल से बाहर आने के बाद विदेश भेजने की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया था। गौतम की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई ने उसे यह भी बताया कि उसके पास वकीलों की एक टीम है, जो उसकी गिरफ्तारी के बाद कुछ ही दिनों में रिहा करवा सकती है। यह पहली बार है जब लॉरेंस बिश्नोई का नाम बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में सामने आया है। इससे पहले इस मामले में बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई का नाम भी सामने आ चुका था। अनमोल का नाम हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में जांच में आया था, लेकिन अब लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी इस मामले में जुड़ने से पुलिस जांच में नया मोड़ आ गया है।

# इस बार खास होगा दिल्ली विधानसभा चुनाव

देश में होने वाला हर चुनाव खास ही होता है लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के करीब दो महीने बाद होने वाला दिल्ली विधानसभा का चुनाव ज्यादा ही खास होने वाला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे ने देश और खास कर दिल्ली का राजनीतिक समीकरण काफी बदल दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भले भाजपा नंबर एक पार्टी बनी और लगातार तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की अगुवाई में राजग सरकार बनी लेकिन भाजपा की सीटें कम होने से विपक्षी गठबंधन के हौसले बुलंद हुए। उसके बाद हुए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव में मान लिया गया था कि भाजपा को जीत नहीं मिलेगी। जम्मू एवं कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ और हरियाणा में अप्रत्याशित ढंग से भाजपा सारे चुनावी विश्लेषकों के दावों की धज्जियां उड़ा कर पहले से ज्यादा सीटें लेकर सत्ता में आई। सत्ता की दावेदार मानी जा रही कांग्रेस को तो भारी सदमा लगा ही हरियाणा में चमत्कार करने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) को भी भारी झटका लगा। आआपा के संयोजक और सर्वमान्य नेता अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई नेताओं को शराब घोटाले के आरोप में जेल जाना पड़ा और वे काफी प्रयास करके सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आ पाए। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली पार्टी के सामने अपने वजूद को बचाने की चुनौती है। यह चुनौती इसलिए भी बढ़ गई है कि हरियाणा के मूल निवासी केजरीवाल यहां अपनी पार्टी के किसी उम्मीदवार को जीत दिलाना तो दूर पार्टी को दो फीसदी वोट भी नहीं दिलवा पाए। दिल्ली पर जिन राज्यों का सर्वाधिक प्रभाव है उसमें एक हरियाणा है। वहां भाजपा के तीसरी बार सरकार बनने के मायने गंभीर हैं। इससे दिल्ली में कांग्रेस की उपस्थिति की उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है, आआपा को भी 2015 और 2020 के नतीजे दुहराने के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। भाजपा दिल्ली की लोक सभा की सभी सीटें लगातार तीसरी बार जीत गई। भले केजरीवाल के मुकाबले उसके पास स्थानीय स्तर पर कोई दमदार नाम न हो लेकिन माहौल भाजपा के अभी खिलाफ भी नहीं लग रहा है। लगातार दो बार दिल्ली विधान सभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने वाली आआपा ने दिल्ली के बाद पंजाब और दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने के बाद न केवल राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाया बल्कि अपने को भाजपा के वैकल्पिक दलों में शामिल करवा लिया। पिछले तीन सालों में आआपा के कट्टर ईमानदार होने के दावे को शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोपों से भारी नुकसान पहुंचा है। केजरीवाल समेत आआपा के सभी नेता केन्द्र की भाजपा सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों से प्रताड़ित कराने का आरोप लगाते रहे हैं। इसे उन्होंने लोक सभा से लेकर हरियाणा विधान सभा चुनाव में मुद्दा बनाया। इसका लाभ उन्हें दोनों चुनावों में नहीं मिला। जेल से बाहर आकर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ कर अपने सहयोगी आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे फिर से दिल्ली जीतने की रणनीति में जुट गए हैं।

हरियाणा के चुनाव से पहले जो वातावरण बना था, उसे हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों ने बदल दिया। इस मई में हुए लोक सभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम आई। भले उसकी केन्द्र में सरकार बन गई लेकिन भाजपा नेताओं के हौसले पस्त दिखने लगे थे। उसी तरह दिल्ली में कोई सीट न जीतने के बावजूद कांग्रेस और आआपा के हौसले बढ़ गए थे। चुनाव पूर्वानुमानों के उत्साह में कांग्रेस और आआपा अकेले चुनाव लड़े। कांग्रेस को तो भाजपा के 48 के मुकाबले 37 सीटें मिल गई लेकिन आआपा को दो फीसदी से भी कम वोट मिले। दिल्ली का राजनीतिक समीकरण लगातार बदलता रहा है। 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली आजादी से पहले तीन सौ से ज्यादा गांवों और मुगल बादशाह शाहजहां के बसाए शाहजहानाबाद (पुरानी दिल्ली) के लोगों की थी। देश के विभाजन के बाद बड़ी तादाद में पाकिस्तान से हिंदू और सिख शरणार्थी आए। देश की राजधानी होने के चलते बड़ी तादाद में केन्द्र सरकार के कर्मचारी देशभर से आए। उसी तरह बेहतर शिक्षा के लिए देश के पिछड़े राज्यों से विद्यार्थी आए। उत्तराखंड और पड़ोस के राज्यों से पलायन भी तभी शुरू हो गया था लेकिन बड़े पैमाने पर पलायन 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के लिए हुए निर्माण कार्यों में मजदूरों की जरूरत से हुआ। कुछ सालों तक बाहर से आने वाले केवल दिल्ली में काम के लिए आते थे और उनका स्थायी निवास अपने मूल स्थान पर होता था। वे वहीं के मतदाता थे। दूसरी पीढ़ी आने के बाद वे दिल्ली और आसपास के इलाकों (एनसीआर) के मतदाता बने और तीसरी पीढ़ी आने के बाद तो वे सत्ता को प्रभावित करने लगे। पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान आदि प्रदेशों के मूल निवासी दिल्ली में चुनाव लड़ने और जीतने लगे और फिर वह दौर आ गया जब बिहार मूल के महाबल मिश्र और मनोज तिवारी दिल्ली के सांसद बन गए। मनोज तिवारी को तो एक खास वर्ग की पार्टी कही जाने वाली भाजपा ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बनाया। यह संख्या और अनुपात लगातार बढ़ता जा रहा है। जो हाल अभी दिल्ली का दिख रहा है यही हरियाणा और पंजाब का भी हो गया है। इसे राजनीतिक कारणों से भले अभी नहीं स्वीकारा जा रहा है लेकिन अगले कुछ सालों में इसे सभी स्वीकारेंगे। अभी हरियाणा विधान सभा चुनाव में कांग्रेस एक जाति विशेष का दबदबा होने का दावा कर उसी को साथ लेने में लगी रही और बाकी जातियों ने प्रतिक्रिया में भाजपा को जिता दिया। दिल्ली में भी आआपा के ताकतवर होने का एक कारण तो फ्री बिजली-पानी देना है लेकिन दूसरा बड़ा कारण खुले मन से प्रवासियों को साथ लाना है। यह काम पहले कांग्रेस करती थी। उसे लगातार दिल्ली में जीत मिलने के बाद लगा कि अब तो प्रवासी उनके स्थाई मतदाता बन गए। उन्होंने उनको महत्व देना कम किया तो उनकी जगह आआपा ने ले लिया। दिल्ली का हर पांचवां मतदाता पूर्वांचल (बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर मूल) का प्रवासी है। उनके समर्थन के बिना दिल्ली नहीं जीती जा सकती। राजनीति के खेल में कई रिकार्ड बनाने वाले आआपा संयोजक और अब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री बन गए अरविंद केजरीवाल के सामने अपनी और अपनी पार्टी की साख (यूएसपी) बचाने का संकट है। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार का केवल आरोप नहीं लगा है बल्कि शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेता जेल भी गए। केजरीवाल को करीब छह महीने जेल में रहने के बाद इसी 13 सितंबर को सशर्त जमानत मिली। उन्होंने शहीदाना अंदाज में अपने पद से इस्तीफा देकर अपनी सहयोगी आतिशी मार्लेन (मार्क्स और लेनिन का संक्षेप) सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। घोषणा कर दी कि लोगों की नजरों में आरोप मुक्त होने के बाद ही वे और उनसे पहले उसी तरह की शर्तों के साथ जमानत पाए उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही आतिशी ने कहा कि वे तो दिल्ली विधान सभा चुनाव तक यानी केवल चार महीने के लिए मुख्यमंत्री हैं। उसके बाद फिर से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे। वे तो मुख्यमंत्री दफ्तर में केजरीवाल की कुर्सी के बजाए बगल में दूसरी कुर्सी पर बैठ रही हैं। जिसे भाजपा और विपक्षी दल राजनीतिक नाटक कह रहे हैं। दिल्ली विधान सभा चुनाव फरवरी, 2025 में होने वाले हैं। केजरीवाल इस बात को छुपा रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के शर्तों में एक शर्त यह भी है कि वे न तो सचिवालय जा सकते हैं और न ही कोई सरकारी फाइल देख सकते हैं। यही आदेश सुप्रीम कोर्ट ने उनके साथ लंबे समय तक उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए दिए। इससे साफ है कि चाहे आआपा फिर से विधान सभा चुनाव जीत जाए लेकिन अरविंद केजरीवाल अदालत के आदेश के बिना मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे



**ललित गर्ग**



कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहा है। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?

राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?

नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरिकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुनः तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्कता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है।

हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है?

लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाई और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? आखिर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इन स्थितियों पर गंभीर मंथन क्यों नहीं करते?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण का राग अलापते हुए देश में मुस्लिमों का तो पक्ष लेते हैं लेकिन बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों पर मौन साध लेते हैं। उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है।

# भारत में शिक्षा क्षेत्र और डिजिटल संसाधनों में असमानता



**मनतार सिंह**

शिक्षा प्रगति की आधारशिला है, लेकिन ऐसा पाया गया है कि भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंचने में भारी असमानताएं बनी हुई हैं खासकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच। जबकि शहरी छात्र अक्सर उन्नत बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी से लाभान्वित होते हैं किंतु उनके ग्रामीण समकक्षों को अपर्याप्त स्कूलों, प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी और सीमित डिजिटल संसाधनों जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। देखा जाय तो छात्र और उनके माता-पिता इन सभी चुनौतियों से जूझ रहे होते हैं परंतु इनके मूल कारणों और संभावित समाधानों की समस्या को समझना अब महत्वपूर्ण और आवश्यक जान पड़ता है।

भारत की शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है, जिसमें करीब 2 करोड़ 60 लाख से अधिक छात्र स्कूलों में नामांकित हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता और उसकी पहुंच में असमानता स्पष्ट है। इन्हीं असमानताओं और डिजिटल संसाधनों के विभाजन को समझने के लिए इस आलेख के द्वारा दृष्टि आकर्षित की गयी है।

शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) 2022 के अनुसार, 40% ग्रामीण स्कूलों में कार्यात्मक शौचालयों की कमी है, और 37% में पीने के पानी की सुविधा नहीं है। पुस्तकालय, खेल के मैदान और विज्ञान जैसे बुनियादी संसाधन का अभाव है। शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी के विकास के साथ, डिजिटल शिक्षण उपकरणों ने शिक्षा को बदल दिया है। हालांकि, ग्रामीण स्कूलों में सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण डिजिटल विभाजन ने एक असमान शिक्षण परिदृश्य तैयार किया है। एक सर्वे के द्वारा यह पाया गया है कि भारत में 2023 तक केवल 34% ग्रामीण परिवारों के पास इंटरनेट की सुविधा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 73% है। इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी छात्रों की ऑनलाइन कक्षाओं, ई-पुस्तकों और अन्य डिजिटल संसाधनों तक पहुंचने की क्षमता को बाधित करती है। कई ग्रामीण परिवार इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए उपकरण (फोन इत्यादि) की उपलब्धता का खर्च वहन नहीं कर सकते जिससे छात्रों और अभिभावकों के सामने आने वाली चुनौतियां ग्रामीण छात्रों के लिए असमानताओं का प्रभाव प्रकट करती हैं।

ग्रामीण स्कूलों में कम संसाधन वाले स्कूलों के छात्र सीमित करियर अवसर होने के कारण अक्सर प्रवेश परीक्षाओं और नौकरी बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन बहुत ही कम संख्या में उत्तीर्ण हो पाते हैं। मनोवैज्ञानिक प्रभाव की दृष्टि से भी देखा जाये तो ग्रामीण स्कूलों के छात्र, शहरी साथियों के साथ लगातार तुलना से उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की कमी को दर्शाता है। दूसरी ओर शिक्षा में प्रौद्योगिकी की आवश्यकता के कारण भी शिक्षा की लागत और उसकी वित्तीय बाधाएं माता-पिता के लिए एक भारी बोझ बन जाती है।

भारत सरकार द्वारा शिक्षा असमानता को कम करने के लिए विभिन्न पहल शुरू की हैं। जिसमें पहला है, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, शिक्षकों के प्रशिक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। दूसरा, डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार करना और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है। तीसरा, मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत छात्रों को निःशुल्क भोजन प्रदान करके स्कूल में उनकी उपस्थिति को प्रोत्साहित करना और चौथा है, पीएम eVidy जो प्रौद्योगिकी की मदद से महामारी के दौरान शुरू की गई DIKSHA और ePathsala जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बनाई गयी थी। जबकि डिजिटल संसाधनों की असमानता एक चुनौती है जिसको दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी की सहायता से शिक्षा में असमानता को दूर करने की भी अपार संभावनाएं हैं। इनमें, ई-लर्निंग प्लेटफार्म जैसे, BYJU'S, खान अकादमी और सरकार समर्थित DIKSHA जैसे मुफ्त प्लेटफॉर्म ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री प्रदान करते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराने वाले मोबाइल एप्लिकेशन स्थानीय जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

सरकारी, गैर सरकारी संगठनों और एडटेक कंपनियों के बीच सहयोग के द्वारा ग्रामीण स्कूलों के वंचित छात्रों को उपकरण इत्यादि और प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद कर रहा है। जिससे इस असमानता को कम करने में सहायक होगा।


भारत में शिक्षा और डिजिटल संसाधनों की असमानता को दूर करने में माता-पिता और छात्रों के योगदान से भी बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। माता-पिता के लिए यह जरुरी है कि वे भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति और मुफ्त डिजिटल शिक्षण संसाधनों पर कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें और छात्रों को इसके बारे में मार्गदर्शन करते रहें। वे शिक्षा को प्रोत्साहित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल में उपस्थिति को प्राथमिकता दें और बच्चे स्व-अध्ययन के लिए समय आवंटित करें। मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और लाइब्रेरी का उपयोग कर संसाधनों का लाभ उठाएं। माता-पिता छात्रों के व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें और सामुदायिक शिक्षण पहल पर प्रेरित करें।

भारत में शिक्षा असमानता को दूर करने के लिए सरकार, गैर सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्रों और सबसे महत्वपूर्ण है परिवारों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं है बल्कि एक मौलिक अधिकार है जो लाखों लोगों के जीवन का उत्थान कर सकता है। बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करके, इंटरनेट पहुंच का विस्तार करके और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देकर, भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि हर बच्चे को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सीखने का अवसर मिले।

# पुस्तक समीक्षा : शहादत




**योगेश भट्ट**




| |
|---|
| **पुस्तक - शहादत** |
| **लेखक - कर्नल सी.एम. नौटियाल** |
| **मूल्य- 495 रुपये** |
| **संस्करण - 152** |
| **अध्याय - 12 कहानियों का संग्रह** |
| **अनावरण - श्री नटराज प्रकाशन** |

शहादत अनुक्रमणिका में पहली कहानी ही शहादत है। तत्पश्चात लाड़ो, गौधाम-पंचघाम, गुमशुदा, कन्यादान, डायन, महत्वाकांक्षा, तोहफा, आरजू, बेवफा, जन्नत, ऋण क्रमशः आगे बढ़ती हुई पृष्ठों की समय सीमा 152 में केंद्रित हो जाती है। छोटी-छोटी कहानियों जो वास्तविक जीवन में रची-बसी घुली मिली हैं वास्तविकता को प्रमाणित करने के साथ-साथ समाज को प्रमाणित भी करती चलती है। यही इन छोटी-छोटी कहानियों की विशेषता भी हैं। सूक्ष्म फिल्मस डॉक्यूमेंट्री पर काम करने वालों के लिए उपयुक्त व प्रमाणिक कहानियों का यह संग्रह बहुत ही उपयोगी साबित होगा, क्योंकि रियल घटनाओं पर केंद्रित फिल्मस या डॉक्यूमेंट्री दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ने में तो सहायक होती हैं समाज को एक आदर्श व सीख भी प्रदान करती हैं। 12 कहानियों का यह संग्रह शहादत भी देवी स्वरूपा स्व. पुष्पा नौटियाल को समर्पित है जो कि लेखक कर्नल सी.एम. नौटियाल की धर्मपत्नी रही हैं। उनकी प्रेरणा से ही 25 किताबें निर्बाध रूप से उत्तराखंड पर केंद्रित लिख चुके हैं जो कि किसी साहित्य साधना से कम नहीं है। जहां तक भाषा वाक्य विन्यास की बात है साधारण आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग किया गया है जिससे कहानियों का भाव आम जनमानस के संज्ञान में आ सके। किसी भी लेखक की सबसे बड़ी सफलता भी यही होती है कि उसकी रचना धर्मिता कितने जनमानस के करीब है। इसमें लेखक सफल होते हुए प्रतीत होते हैं। 12 कहानियों का अलग-अलग विश्लेषण न करने का मकसद भी यही है कि पाठक अपनी रुचि अनुसार कहानियों का चयन कर सके। उनसे आत्मसात हो सके। वह जो क्रेज है वह बरकरार रहे तभी वह कहानियां व कहानी के भावों के साथ सही न्याय कर सकते हैं। कीमत के हिसाब से किताबें पेपर बैक में छापी जानी चाहिए जिससे जनसामान्य भी आसानी से किताबें खरीदकर पढ़ सके।

# भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : सिनेमा और कला का वैश्विक संगम



**कैलाश केशरी**

भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव), सिनेमा प्रेमियों और कलाकारों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां कला, संस्कृति और सृजनशीलता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। 1952 में अपनी शुरुआत करने वाला यह महोत्सव हर वर्ष गोवा की खूबसूरत धरती पर आयोजित होता है। यह न केवल भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य करता है, बल्कि विश्व सिनेमा को भारतीय दर्शकों के करीब लाने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव केवल फिल्मों का प्रदर्शन मात्र नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा उत्सव है, जो सिनेमा के जरिए विभिन्न संस्कृतियों, विचारों और मुद्दों को जोड़ने का कार्य करता है। यहां भारतीय और विदेशी फिल्मकार अपनी कृतियों के जरिए दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ विचारशील अनुभव प्रदान करते हैं। यह महोत्सव सिनेमा को एक ऐसी सार्वभौमिक भाषा के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सीमाओं और भाषाओं से परे है। इस महोत्सव के विभिन्न खंड, जैसे वर्ल्ड सिनेमा, भारतीय पैनोरमा, फीचर फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्म, दर्शकों को सिनेमा की विविध विधाओं से परिचित कराते हैं। वर्ल्ड सिनेमा खंड के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है, जबकि भारतीय पैनोरमा खंड भारतीय सिनेमा की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करता है।

20 नवंबर से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित 55वें संस्करण में सिनेमा प्रेमियों, फिल्म निर्माताओं और कलाकारों ने भाग लिया। इस महोत्सव में 75 से अधिक देशों की 200 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, जिसमें फीचर फिल्मों के साथ-साथ डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्मों को भी मंच मिला।




उक्त महोत्सव में गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड जो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार है यह लिथुआनियाई फिल्म टॉक्सिको को मिला। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का अवार्ड फ्रेंच अभिनेता क्लमेंट फेवो को फिल्म होली कॉव ( पवित्र गव्य) में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पहली फीचर फिल्म का पुरस्कार अमेरिकी निर्देशक सारा फ्राइडलैंड की फैमिलियर टच को यह पुरस्कार दिया गया। भारतीय फीचर फिल्म के सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक का पुरस्कार मराठी फिल्म घरात गणपती के लिए नवज्योत बंदीवादेकर को सम्मानित किया गया। सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई फिल्मकार फिलिप नोयस को उनके फिल्मी जगत मे उनके अद्वितीय योगदान के लिए दिया गया।

महोत्सव की शुरुआत भारतीय पैनोरमा खंड की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर से हुई, जो स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के संघर्षो को उजागर करती है।

महोत्सव का फिल्म बाजार उन फिल्मकारों, प्रोड्यूसरों और वितरकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जो अपनी रचनात्मकता को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। यह मंच सिनेमा को व्यवसायिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाते हुए उद्योग की संभावनाओं को विस्तार देता है। महोत्सव में प्रदर्शित फिल्में केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों को उठाने का कार्य करती हैं। मास्टरक्लास, पैनल चर्चा और इंटरैक्टिव सत्र उभरते फिल्मकारों को प्रेरणा प्रदान करते हैं और उन्हें अपने विचार साझा करने का अवसर देते हैं।

उक्त महोत्सव गोवा मे होने की एक महत्वपूर्ण करण है कि गोवा की सड़कों, समुद्र की लहरों और सांस्कृतिक वातावरण में सिनेमा और कला का जादू हर ओर बिखरा हुआ महसूस होता है। महोत्सव के दौरान यहां की ऊर्जा कलाकारों और दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन जाती है। यह महोत्सव न केवल भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य करता है, बल्कि यह सिनेमा की उस शक्ति का परिचायक भी है, जो सीमाओं को मिटाकर साझा मानवता का अनुभव कराती है।भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव केवल एक फिल्म महोत्सव नहीं है; यह कला, विचार और सृजन का ऐसा मंच है, जो सिनेमा प्रेमियों, कलाकारों और समाज के बीच संवाद स्थापित करता है। 55वें संस्करण ने यह साबित कर दिया कि सिनेमा न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह समाज को जोड़ने, प्रेरित करने और बदलने की एक सशक्त शक्ति है।

इस महोत्सव की यात्रा अनवरत जारी रहेगी, जहां हर वर्ष नई कहानियां, नए विचार और नए सपने आकार लेंगे। **(लेखक एक स्वतंत्र टिप्पणीकर हैं)**

### शनिवार को अल्बर्ट हॉल पर रावण हत्था की धुन के साथ इंडी फोक युग्म बैंड की होगी प्रस्तुति

# पर्यटन विभाग द्वारा पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज कार्यक्रम हुआ आयोजित

## अल्बर्ट हाल पर तीन पीढ़ियों का संगम, हर किसी को कर गया भाव-विभोर

### भंपग की स्वरलहरियों के बीच कालबेलिया, भवाई, चरी व घूमर नृत्यों ने बांधा समां

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवंबर।** शुक्रवार की शाम जयपुर शहर का ह्रदयस्थल माने जाने वाले अल्बर्ट हॉल पर शहर थम सा गया। शहरवासियों सहित देसी- विदेशी पर्यटकों ने पूरे शहर को तालियों का गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। मौका था पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज के दौरान गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुतियों का। यहां पर भपंग वादन, भवाई, चरी व घूमर नृत्य के साथ ही कालबेलिया नृत्यांगनाओं की प्रस्तुति का जादू सभी के सिर चढ़कर बोला। उल्लेखनीय है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए उन्हें सम्बल प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कल्चर डायरीज नाम से पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत की गई है, इस पाक्षिक सांस्कृतिक शृंखला की पहली दो दिवसीय प्रस्तुतियां नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में अल्बर्ट हॉल पर आयोजित हो चुकी है। इन प्रस्तुतियों की खासियत रहीं कि भपंग वादन और कालबेलिया नृत्य तीन पीढ़ियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। युसूफ खान मेवाती ने अपने चाचा और बेटों के साथ जुगलबंदी की वहीं खातू सपेरा ने अपनी बे-टी व नातिनों के साथ कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कमिश्नर टूरिज्म श्री विजयपाल सिंह द्वारा सभी कलाकारों का स्वागत व सम्मान किया गया। कल्चर डायरीज के अवसर पर पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक श्रीमती पुनीता सिंह, उपनिदेशक श्री नवलकिशोर बसवाल समेत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





#### भपंग के तार की तान से छिड़ी अनूठी लोकसंवाद व गायन शैली, दर्शकों ने मिलाई ताल से ताल

» युसूफ खान ने अपने आठ सदस्यों वाले दल के साथ जब भपंग के तार को छेड़ा तो उसकी तान पर जयपुरवासियों सहित पर्यटकों ने उनकी तान से तान मिलाई, पूरी प्रस्तुति के दौरान लोक संवाद करते हुए उन्होंने अपनी अनूठी गायन शैली से दर्शकों की भरपूर दाद पाई।

#### किशनगढ़ का चरी और घूमर नृत्य

» किशनगढ़ के कलाकारों ने चरी और घूमर नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी। जलती हुई दीयों से सजी चरी के साथ संतुलन और घूमर नृत्य की आकर्षक भंगिमाओं ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। अंजना कुमावत एक ख्यातनाम लोक नृतक कलाकार हैं। किशनगढ़ से ताल्लुक रखने वाली अंजना कुमावत ने चरी, घूमर व अन्य पराम्परागत लोकनृत्य के जरिए कला क्षेत्र में भी किशनगढ़ को अन्तरराष्ट्रीय फलक पर पहुंचाया है।

#### तीन पीढियां एक साथ मंच पर थिरकीं

जोधपुर की ख्यातनाम लोक कलाकार खातू सपेरा की प्रस्तुति केवल प्रस्तुति ही नहीं थी वरन लोक कला की तीन पीढ़ियों का संगम और विरासत को संजोए रखने का अथक प्रयास था जिसमें वह सफल रहीं। खातू सपेरा जोधपुर से ताल्लुक रखती है। कालबेलिया नृत्य का जादू देसी- विदेशी सैलानियों के सिर चढ़कर बोलता है। खातू सपेरा ने अपनी बेटी नातिनों के साथ काल्यो कूद पड़ो से मेळा में...... पर प्रस्तुति देते हुए शहरवासियों सहित विदेशी सैलानियों को भी थिरकने पर मजबूर किया। खातू सपेरा देश व दुनिया में अनेकानेक प्रस्तुतियां दे चुकी हैं साथ ही उन्होंने कालबेलिया नृत्य की अपनी एक विशिष्ट शैली तैयार की है। खातू सपेरा ने मंच पर जब परिवार के सदस्यों के साथ कदम थिरकाए, तो दर्शक थम से गए। पारंपरिक वेशभूषा, लयबद्ध संगीत और ऊर्जा से भरपूर नृत्य ने एक ऐसा समां बांधा जिसे देख हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया।

#### शनिवार को होंगे यह कार्यक्रम

कल्चरल डायरीज का जादू शनिवार को भी जारी रहेगा। शाम 6:30 बजे से अल्बर्ट हॉल पर आमेर के लोक कलाकार रूपाराम अपने साथियों के साथ रावण हत्था वादन प्रस्तुत करेंगे,वहीं अभिषेक के नेतृत्व में इंडी फोक युग्म बैंड की प्रस्तुति होगी

---

## संक्षिप्त समाचार

### 'ऑपरेशन कवच 4.0' के तहत 125 से अधिक वाहनों का चालान कर वसूला 15 लाख से अधिक राजस्व

- नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 से अधिक वाहनों को किया सीज
- कार्यालय, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) की टीम ने की बड़ी कार्रवाई
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कार्रवाई को दिया अंजाम



**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 29 नवंबर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) की टीम ने ऑपरेशन कवच 4.0 के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रवर्तन दलों ने विशेष सघन अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए कुल 125 चालान बनाएं एवं चालान राशि के तौर पर 15 लाख से अधिक का राजस्व वसूल किया, साथ ही करीब 5 लाख की राशि सीएफ के रूप में प्राप्त हुए। कार्रवाई के दौरान 20 से ज्यादा ओवरलोड, ओवरक्राउडिंग, 20 से ज़्यादा ओवरप्रोजेक्शन,10 बिना परमिट के मामलों नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य कई वाहनों के चालना बनाए गए एवं 35 से अधिक वाहनों को सीज किया गया।उन्होंने बताया कि सघन जांच अभियान ऑपरेशन कवच के तहत नकली राजस्थान रोडवेज, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, ओवरलोड, ओवर क्राउड, ओवर प्रोजेक्टेड वाहनों के साथ-साथ रश ड्राइविंग, ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग, बिना हेलमेट, बिना फिटनेस, बिना पीयूसी जैसे वाहन चालको के खिलाफ नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। वहीं, नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन निलम्बन की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

---

## झुंझुनूं में ए.वी.वी.एन.एल. का लाईनमैन 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 नवम्बर, शुक्रवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये रामावतार लाईनमैन, ग्राम भोदन, कार्यालय सहायक अभियंता, (ड&ट) खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनूं को परिवादी से 7 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की झुंझुनूं इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके ट्यूबवैल की वी.सी.आर. नहीं भरने की एवज में आरोपी रामावतार लाईनमैन द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय अनिल कयाल के सुपरवीजन में एसीबी की झुंझुनूं इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस्माईल खान के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चंद द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी रामावतार लाईनमैन को परिवादी से 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

---

## जिला शाहपुरा में पटवारी 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 नवम्बर, शुक्रवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भीलवाड़ा-प्रथम इकाई द्वारा आज शाहपुरा में कार्यवाही करते हुये अनिल कुमार पटवारी, पटवार हल्का रीठ,अतिरिक्त चार्ज साखड़ा,तहसील कोटड़ी, जिला शाहपुरा को परिवादी से 6 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी.की भीलवाड़ा-प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि कृषि भूमि पर थ्री फेस कनेक्शन की फाइल पर हस्ताक्षर करने एवं राजस्व रिकार्ड में कुआं का इन्द्राज करने की एवज में आरोपी अनिल कुमार पटवारी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की अजमेर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर एसीबी भीलवाड़ा-प्रथम की पुलिस निरीक्षक कल्पना द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी अनिल कुमार पटवारी को परिवादी से 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा रिश्वत लेनदेन के समय दिये गये 8 हजार रुपये रिश्वत राशि में से 2 हजार रुपये परिवादी को मौके पर वापस लौटा दिये थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया।

---

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया अजमेर में 4 करोड़ की सड़क का शिलान्यास

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भ्रष्टाचारी और भू-माफिया को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन के हित पर कुंडली मारने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनता का हित सर्वोपरि है। सरकारी कामकाज में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अजमेर जिले के पंचशील नगर में 4.04 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने आमजन की समस्त्राएं भी सुनीं और अफसरों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि यह जनता की, जनता के लिए चुनी हुई सरकार है। किसी बात का सर्वाधिक महत्व है तो वह है, आम जनता का हित,




सुरक्षा एवं कामकाज की गुणवत्ता। जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनता के हित के साथ किसी तरह का समझौता नहीं हो। भ्रष्टाचारी, भूमाफिया, अवैध काम करने वाले और सरकारी कामकाज में गुणवत्ता से समझौता करने वाले किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएगें। प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं। देवनानी ने कहा कि अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से पंचशील नगर में बनने वाली सड़क तय समय सीमा में बनेगी। आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस सड़क के बनने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

देवनानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत से अधिक कार्य आरम्भ हो गए है। तेलंगाना हाऊस का आवंटन निरस्त किया गया है। साइन्स पार्क को पुनः स्वीकृत करवाकर काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र अन्तिम सिरे पर होने के कारण पेयजल आपूर्ति की समस्या रही है। अब इसे टेल एण्ड से फ्रण्ट एण्ड का बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यहां तीन रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। भूमि आवंटन भी किया गया है। बीसलपुर बांध से निर्भरता कम करने के लिए पहली बार फॉयसागर झील का पानी पेयजल के लिए उपलब्ध हुआ। इसी प्रकार अजमेर शहर के पारम्परिक जल स्त्रोतों के रूप में 22 बावड़ियों का चिन्हीकरण कर पानी फिल्टर प्लांट तक लाया जाएगा। बीसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इण्टेक वेल भी बनाया जाएगा। इससे अजमेर को 7 टीएमसी तक पानी उपलब्ध होगा। ईआरसीपी परियोजना से फॉयसागर को जोड़ने से हमेशा पानी भरा रहेगा। जलदाय विभाग के पम्पिग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूत्रि क लिए अतिरिक्त फिडर से जोड़ने के लिए भी पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है।उन्होंने कहा कि अजमेर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी प्रकार आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्म के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाईट चिकित्सालय बन रहा है।उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। यहां तक सुगम पहूंच सुनिश्चित करने के लिए चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रीक बसें चलाई जाएगी। इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा।

## तीस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

# उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द बिश्नोई के उचित मॉनीटीरिंग एवं प्रभावी निर्देशन में जेडीए ने क्रियान्वित करी ऐतिहासिक कार्रवाई

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-10 में 250 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त






चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 नवम्बर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाड़ा में बेषकीमती करीब 250 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 1300 करोड़ रूपये है। साथ ही जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 30 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाड़ा, जिला जयपुर के खसरा नं. 1016 से 1019 तक करीब 250 बीघा जेडीए स्वामित्व सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल, बाड बनाकर, लकडी की छड़ियां लगाकर, तारबंदी कर अवैध रूप से फसल उगाकर खेती की जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका तहसील सांगानेर में मालियों की ढ़ाणी गुलमोहर गार्डन कॉलोनी के पास, जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयचन्दपुरा तहसील चाकसू केडिया स्कीम एल ब्लॉक के पास, जिला जयपुर में करीब 18 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि परजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "रिद्दी-सिद्दी-8" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बिजली के पोल लगाकर पत्थरगढ़ी कर, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, चतुर्थ प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 72 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया, 316 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाय जा चुका है। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in &enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## संक्षिप्त समाचार

### चित्तौड़गढ़ जिले की थाना सदर पुलिस ने चन्दन की लकड़ियों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

- अल्टो कार से एक क्विंटल 15 किलोग्राम चंदन लकड़ी जब्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़,! (खलील कुरैशी) 29 नवम्बर।** सदर थाना पुलिस ने चंदन की लकड़ी के तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक अल्टो कार से 115 किलोग्राम चन्दन की लकडी जब्त कर दो आरोपियों मोइनुद्दीन शेख पुत्र सलीम मोहम्मद (23) निवासी मस्जिद मोहल्ला थाना आसींद भीलवाड़ा एवं शाहरुख शेख पुत्र फिरोज निवासी नंदवाई थाना पारसोली को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध गतिविधियो पर निगरानी रख उनकी धरपकड़ के लिए दिए गए निर्देश पर एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन में डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी सदर गजेन्द्र सिंह मय टीम एएसआई हीरा लाल, हैड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल हेमव्रत सिंह, बलवंत सिंह, डुंगर सिंह, भजन लाल, विनोद कुमार एवं भुपराम विश्नोई द्वारा कोटा उदयपुर हाईवे रोड पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान कोटा की तरफ से आई एक अल्टों कार के चालक को रोकने का ईशारा किया तो चालक ने नाकाबन्दी तोड़ भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस टीम ने तत्परता से आगे बेरीकेट लगा रोका। तलाशी ली गई तो कार की डिग्गी में एक क्विंटल 15 किलोग्राम चंदन की लकडी मिली। चंदन की लकड़ी व अल्टो कार को जब्त कर आरोपी मोइनुद्दीन शेख व शाहरुख शेख को गिरफतार किया जाकर अनुसंधान जारी है।

## हेलमेट है ज़रूरी: जयपुर पुलिस का सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता के लिए अनूठा प्रयास

### जयपुर पुलिस इन कार्यक्रमों एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से शहरवासियों को यातायात नियमों का पालन के संबंध में कर रही है प्रेरित :- बीजू जॉर्ज जोसफ

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 29 नवंबर । जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की अध्यक्षता में शुक्रवार को गौरव टावर (जीटी) पर जयपुर पुलिस सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिनव हेलमेट है ज़रूरी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई । यह नुक्कड़ नाटक पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्विनी गौतम के निर्देशन में जयपुर पुलिस कर्मियों द्वारा स्व-रचित व अभिनीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका मुख्य संदेश - ₹हेलमेट है ज़रूरी₹ ।नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में फिल्मी गाने मैं निकला गड्डी लेके, रब जाने कब एवं तेरे लिए सब छोड़ छाड़ के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात के अनुशासन को प्रभावी और सरल तरीके से जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसमें हेलमेट पहनने की आवश्यकता, यातायात संकेतों का पालन, तेज गति से वाहन न चलाने और सड़क पर सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया गया ।पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस इन कार्यक्रमों एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से न केवल नागरिकों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के नुक्कड़ नाटक अलग-अलग विषय जैसे महिला सुरक्षा,नशा मुक्ति एवं साइबर अवेयरनेस पर भी शहर के विभिन्न इलाकों में समय- समय पर किए जाएंगे ।यह पहल जयपुर को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




- **जयपुर पुलिस उपायुक्त तेजस्विनी गौतम को डीजीपी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुतिकरण के लिए चयन**

पुलिस आयुक्त जोसफ ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (पूर्व ) तेजस्विनी गौतम को उनके अभिनव पहल यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, महिला सुरक्षा से संबंधित विषयों, ड्रिंक एंड ड्राइव और पुलिसिंग में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देशभर में सराहा गया है ।साथ ही तेजस्विनी गौतम को 30 नवम्बर को भुवनेश्वर में आयोजित हो रही डीजीपी एवं आईजीपी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष ₹इनोवेशन इन पुलिसिंग,इनिशिएटिव एंड बेस्ट प्रैक्टिस इन ट्रांसफॉर्म पुलिस₹ विषय पर प्रस्तुतिकरण लिए चयन किया गया है ।कार्यक्रम के अंत में जयपुर पुलिस द्वारा बिना हेलमेट ड्राइविंग करने वाले दुपहिया वाहन चालक जिनका चालान काटा गया था उन्हें पुलिस आयुक्त जोसफ ने हेलमेट भी वितरित किए गए ।जयपुर पुलिस जनता से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और ₹हेलमेट है ज़रूरी₹ के संदेश को अपनाकर अपने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

- **कार्यक्रम में यें अधिकारीगण मौजूद**

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त यातायात सागर एवं पुलिस के उच्चाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## देश की नामचीन हस्तियां देंगी निफ्ट के स्टूडेंट्स को सफलता के मंत्र

- निफ्ट जोधपुर में होगा टेडएक्स का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ जोधपुर !(खलील कुरैशी)।** युवाओं में छिपी नवोन्मेषी क्षमता को निखारने और उन्हें विचारों के जरिए नई परिभाषाएं गढ़ने का अवसर देने के लिए वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में टेडएक्स का आयोजन 1 दिसंबर को होगा। इस कार्यक्रम में देश की नामचीन हस्तियां युवाओं को सफलता के मंत्र देंगी। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ) जीएचएस प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम स्टूडेंट्स द्वारा किया जा रहा है जिसमें कॉस्टयूम डिजाइनर एवं फैशन स्टाइलिस्ट नीता लुल्ला, एएनआई की चीफ एडिटर स्मिता प्रकाश, इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन प्लेयर कृष्णा नागर, सोशल मीडिया इन्फ्लूंसर शिवांगी लाहोटी, पेप्सीको की हेड ऑफ डिजाइन तनु सिन्हा, पर्सोनिफाई ग्लोबल एकडेमी की फाउंडर तरवीन कौर, अरिस्टा वॉल्ट की फाउंडर पूर्वी रॉय शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि टेड एक्स विचारों और नए आइडिया को लोगों तक पहुंचाने का एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है। वर्ष 1984 में टैक्नोलॉजी, मनोरंजन और डिजाइन पर विचार रखने के लिए इसे बनाया गया। आज इस मंच पर लगभग सभी विषयों और क्षेत्र में 100 से ज्यादा भाषाओं में अपने-अपने क्षेत्र के माहिर लोग विचार रख रहे हैं। इस मंच पर विचार रखने के लिए अधिकतम 18 मिनट का समय मिलता है। संस्थानों को टेड एक्स का मंच उपलब्ध कराने के लिए टेड से लाइसेंस लेना पड़ता है। लाइसेंस देने से पहले टेड संस्थानों के बारे में जानकारियां जुटाता है और फिर उन्हें मंच देने के लिए चुनता है। निफ्ट जोधपुर में यह कार्यक्रम दूसरी बार होने जा रहा है।

## अधिक ट्रांसमिशन लोड वाले क्षेत्रों के लिए तैयार करें, ट्रिपिंग रहित विद्युत आपूर्ति का एक्शन प्लान -चेयरमैन डिस्कॉम्स



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवम्बर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने शुक्रवार को विद्युत भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अजमेर एवं जोधपुर वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों के साथ रबी के पीक सीजन में अधिक ट्रांसमिशन लोड वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा की ।डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल के साथ जैसलमेर, बाडमेर एवं फलौदी के सीमावर्ती क्षेत्र तथा उदयपुर,भरतपुर, हिंडौन एवं डीग में प्रसारण क्षमता सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जीएसएस निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने पर भी चर्चा की। उन्होंने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से निर्बाध विद्युत आपूर्ति को बनाए रखा जाए तथा जीएसएस निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाए। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान वितरण निगमों के अधीक्षण अभियंताओं को भी नियमित सप्लाई मेंटेन रखने के निर्देश दिए ।बैठक में प्रसारण निगम द्वारा बताया गया कि हिंडौन में ओवरलोड सिस्टम की समस्या से निजात पाने के लिए 500 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर 5 दिसम्बर तक प्राप्त हो जाएगा। करीब तीन सप्ताह में इसके चार्ज होने के बाद दिसम्बर माह के अंत तक वहां प्रसारण लाइनों के ओवरलोड होने से निजात मिलेगी। इसके साथ ही छोंकरवाडा-भुसावर 132 केवी जीएसएस लाइन के सुदृढ़ होने का काम भी अंतिम चरण में है। जिससे दिसम्बर माह के अंत तक बयाना, हिंडौन, भुसावर, वैर आदि में आपूर्ति को बेहतर किया जा सकेगा ।बैठक में जोधपुर डिस्कॉम एमडी डॉ. भंवरलाल, अजमेर डिस्कॉम एमडी श्री केपी वर्मा, वितरण निगमों के निदेशक (तकनीकी), प्रसारण निगम के निदेशक ऑपरेशंस एवं निदेशक तकनीकी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सक्षम जयपुर अभियान के तहत 400 से अधिक कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

- इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन
- मास्टर ट्रेनर्स ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की बारीकियों से करवाया रूबरू
- महिला अधिकारिता विभाग आयुक्त नीतू राजेश्वर की अध्यक्षता में हुआ आयोजन





चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 नवंबर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जिले में संचालित सक्षम जयपुर अभियान के तहत शुक्रवार को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के विषय पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त नीतू राजेश्वर की अध्यक्षता में आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स ने 400 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को अधिनियम की बारीकियों से रूबरू करवाया ।महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि रितेश नानगिया एवं प्रोफेसर मरियम इरशाद बेग ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के विषय पर जानकारी दी, साथ ही अधिनियम की अनुपालना में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य बताया। कार्यशाला में अतिरिक्त निदेशक,महिला अधिकारिता सीमा शर्मा,उपनिदेशक भरत भूषण, संरक्षण अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिक ट्रांसमिशन लोड वाले क्षेत्रों के लिए तैयार करें

- ट्रिपिंग रहित विद्युत आपूर्ति का एक्शन प्लान- चेयरमैन डिस्कॉम्स(आरती डोगरा)




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने शुक्रवार को विद्युत भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अजमेर एवं जोधपुर वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों के साथ रबी के पीक सीजन में अधिक ट्रांसमिशन लोड वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा की।
डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक श्री नथमल डिडेल के साथ जैसलमेर, बाडमेर एवं फलौदी के सीमावर्ती क्षेत्र तथा उदयपुर, भरतपुर, हिंडौन एवं डीग में प्रसारण क्षमता सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जीएसएस निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने पर भी चर्चा की। उन्होंने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से निर्बाध विद्युत आपूर्ति को बनाए रखा जाए तथा जीएसएस निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाए। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान वितरण निगमों के अधीक्षण अभियंताओं को भी नियमित सप्लाई मेंटेन रखने के निर्देश दिए।
बैठक में प्रसारण निगम द्वारा बताया गया कि हिंडौन में ओवरलोड सिस्टम की समस्या से निजात पाने के लिए 500 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर 5 दिसम्बर तक प्राप्त हो जाएगा। करीब तीन सप्ताह में इसके चार्ज होने के बाद दिसम्बर माह के अंत तक वहां प्रसारण लाइनों के ओवरलोड होने से निजात मिलेगी। इसके साथ ही छोंकरवाडा-भुसावर 132 केवी जीएसएस लाइन के सुदृढ़ होने का काम भी अंतिम चरण में है। जिससे दिसम्बर माह के अंत तक बयाना, हिंडौन, भुसावर, वैर आदि में आपूर्ति को बेहतर किया जा सकेगा।
बैठक में जोधपुर डिस्कॉम एमडी डॉ. भंवरलाल, अजमेर डिस्कॉम एमडी श्री केपी वर्मा, वितरण निगमों के निदेशक (तकनीकी), प्रसारण निगम के निदेशक ऑपरेशंस एवं निदेशक तकनीकी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पोर्नोग्राफी नेटवर्क मामले में राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई/एजेंसी।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।
ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है, जो सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कथित रूप से अवैध रूप से अश्लील सामग्री फैलाने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। ईडी के अधिकारियों ने कुंद्रा और उनके साथियों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है, ताकि इस अपराध के सभी पहलुओं की गहरी जांच की जा सके।
राज कुंद्रा का नाम पहले भी पोर्नोग्राफी के मामले में चर्चा में आ चुका है। इस मामले में मुंबई पुलिस उन्हें गिरफ्तार तक कर चुकी थी, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम भी सामने आया था, हालांकि अब तक उन्हें इस मामले में किसी भी प्रकार की संलिप्तता के लिए आरोपी नहीं ठहराया गया था।
राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ पोर्नोग्राफी मामले में ईडी की इस छापेमारी से एक बार फिर बॉलीवुड जगत में हलचल मच गई है। आशंका जताई जा रही है कि इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल, ईडी की टीम सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है।
आपको बताते चलें, फरवरी 2021 में मुंबई पुलिस ने एक पॉर्न रैकेट का भंडाफोड़ किया था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने फरवरी में अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस एक्टिव हो गई थी और अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इस दौरान पुलिस के हत्थे चार लोग चढ़े। इनसे पूछताछ हुई तो राज कुंद्रा का नाम सामने आया। इसी के आधार पर राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया। राज कुंद्रा पर मॉडल पूनम पांडे, अभिनेत्री और मॉडल शर्लिन चोपड़ा, अभिनेत्री सागरिका शोना सुमन ने भी कई गंभीर आरोप लगाए थे।।
पोर्नोग्राफी मामले में जेल में समय बिता चुके राज कुंद्रा ने वहां से रिहाई के बाद बतौर अभिनेता एक फिल्म में काम भी किया, जिसका नाम था यूटी 69। यह फिल्म उनकी 63 दिनों की आर्थर जेल में बिताए पलों पर आधारित थी। यानी यह फिल्म राज कुंद्रा के एडल्ट फिल्म स्कैंडल पर हुई गिरफ्तारी पर आधारित थी।
2009 में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने शादी की थी और अब उनकी शादी को 15 साल का समय बीत चुका है। दोनों के दो बच्चे हैं, एक बेटी समीशा शेट्टी कुंद्रा और एक बेटा विआन राज कुंद्रा।

### महाराष्ट्र चुनाव में हार के बाद कांग्रेस का ईवीएम पर सवाल, तथ्यों के साथ सोशल मीडिया पर सामने आई जानकारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि चुनावों में गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी रही है। ऐसे में चुनाव की प्रक्रिया किन चरणों में गुजरती है, इस पर एक डाटा सामने आया है जो ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर अहम तथ्यों पर प्रकाश डालता है।
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इंफोइंडाटा ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, महाराष्ट्र में एक बार फिर करारी हार का सामना करने के बाद कांग्रेस फिर से भारत की चुनावी प्रक्रिया पर संदेह जता रही है। हालांकि, तथ्य और प्रक्रिया कुछ और ही कहानी बयां करती है।
इनफोइनडाटा ने इस पोस्ट के साथ चुनावी प्रक्रिया के बारे में इंफोग्राफिक्स के जरिए जानकारी भी शेयर की है।
पोस्टर में चुनावी प्रक्रिया में चेक्स और बैलेंस यानी जांच और संतुलन के उपायों का विवरण दिया गया है, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि चुनाव निष्पक्ष और ईमानदार तरीके से हों।
इंफोग्राफिक्स के अनुसार, वीवीपैट-ईवीएम (वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल-इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) यूनिट्स की जांच, रैंडमाइजेशन और अन्य तकनीकी कार्यों के दौरान छह बार सभी पार्टी प्रतिनिधि मौजूद रहते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है और सभी दलों को इसमें बराबरी का अवसर मिलता है।

# केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के नेतृत्व में किशनगढ़ में वन्दे भारत ट्रेन के स्टॉपेज पर होगा

## होगा भव्य स्वागत, दिखाएंगे हरी झंडी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवम्बर।** किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार 30 नवंबर रात को ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है, जब चंडीगढ़ से जयपुर होते हुए अजमेर की ओर जाने वालीवंद भारतएक्सप्रेस(20977/20978) पहली बार यहां रुकेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी इस मौके पर रेलवे अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्वागत करेंगे। साथ ही ट्रेन के ठहराव के दौरान स्टाफ का मुंह मीठा करवाने के बाद वापस हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन अजमेर से चंडीगढ़ की ओर चलने पर सुबह 6.30 बजे और चंडीगढ़ से अजमेर आते समय रात को 11 बजे किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज होगा।यह ठहराव केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों और अनुशंसा पर रेलवे बोर्ड द्वारा हाल ही में स्वीकृत किया गया था। जो कि किशनगढ़ क्षेत्र के





उद्यमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यटकों और आमजन की लंबे समय से चली आ रही मांगों का परिणाम है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लगभग रात 11 बजे किशनगढ़ पहुंचने की संभावना है। इस ऐतिहासिक पल पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को अगले गंतव्य की ओर रवाना करेंगे।

### स्थानीय विकास को मिलेगी नई दिशा–

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का किशनगढ़ में ठहराव इस क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल स्थानीय नागरिकों को आधुनिक ट्रेन सेवा का लाभ देगा, बल्कि मार्बल उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि यह ठहराव किशनगढ़ के उद्यमियों, स्थानीय नागरिकों और समाजसेवी अशोक पाटनी जैसे लोगों के सहयोग और प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# दस दिवसीय "आदि महोत्सव"2024 का राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े ने किया भव्य शुभारंभ

## आदि महोत्सव के अन्तर्गत नगर निगम ग्रेटर द्वारा आरआरआर सेन्टर बना मुख्य आकर्षण का केन्द्र






चमकता राजस्थान

### जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में लग रहे सेन्टर में आमजन जमा करा सकते है अनुपयोगी सामान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 नवम्बर। जयपुर समारोह-2024 के आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत शुक्रवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय, ट्राइफेड एवं नगर निगम ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में दस दिवसीय ''आदि महोत्सव'' का शुभारंभ राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री बाबू लाल खराड़ी एवं महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी मौजूद रहे।महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि जवाहर कला केन्द्र, शिल्पग्राम में 29 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक आदि महोत्सव-2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों जैसे-हाथ से बने हुए ऊनी वस्त्र, क्रोशिया हाथ से बने मुरब्बा (मुलेठी, सौफ), हाथ से बने स्कीन केयर प्रोडेक्ट, रिसाईकलिंग वर्क, कुशन बेड-शीट, बैंग, गोट पत्ती वर्क आदि की स्टॉल्स लगाई गई है।इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि यहां आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाईकल) सेन्टर की स्टॉल्स भी लगाई गई जिसमें आमजन आकर अनुपयोगी सामान जमा करवा सकते हैं जो कि भविष्य में जरूरतमंद के काम आ सकता है।ट्राइफेड के क्षेत्रीय मैनेजर संदीप शर्मा ने बताया कि इस मेले मे राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड तथा नॉर्थ ईस्ट राज्यों के जनजातीय कारीगर, शिल्पकार भाग ले रह हैं, साथ ही मेला लगभग 120 स्टॉल के साथ 200 से अधिक जनजातीय कारीगर और शिल्पकारों को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों जैसें पेंटिंग, कपड़े, आभूषण और वन धन विकास केन्द्रों द्वारा मूल्यवर्धित ऑर्गैनिक उत्पादों को बेचने के लिए जनजातीय कारीगरों को प्रतिष्ठित स्थान प्रदान का रहा है।

### निगम संचालक मंडल की 309वीं सभा आयोजित

- निगम बेड़े में 500 डीजल बसें और 300 इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने की बनाई जाएगी कार्य योजना

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम संचालक मंडल की 309वीं सभा गुरुवार को निगम मुख्यालय पर आयोजित की गई। निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में आगामी 2 वर्षों में निगम बेड़े में 500 डीजल बसें और 300 इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने की कार्य योजना पर मोहर लगाई गई। इसके अलावा वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्ताव, वर्ष 2025-26 के बजट संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन, निगम में प्रस्तावित विभिन्न भर्तियों के लिए निर्धारित पात्रता में संशोधन जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।
संचालक मंडल में निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह, शासन सचिव वित्त (व्यय) श्री नवीन जैन, परिवहन आयुक्त श्रीमती शुचि त्यागी, प्रबंध निदेशक निगम श्री पुरुषोत्तम शर्मा एवं संचालक मंडल के अन्य सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन किया।
निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि संचालक मंडल की बैठक में निगम के बस बेड़े में आगामी 2 वर्षों में 500 डीजल एवं 300 इलेक्ट्रिक बसें सर्विस मॉडल पर लिए जाने संबंधी प्रस्ताव की कार्य योजना बनाए जाने पर सहमति दी गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस कार्य योजना पर काम शुरू किया जाएगा ताकि यात्रियों को राहत पहुंचाई जा सके और उनके सफर को आरामदायक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की कार्य योजना को भी मूर्त रूप दिए जाने पर तेजी से काम किया जा रहा है।
बैठक में निगम की वित्तीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय संस्थानों संसाधनों की आवश्यकता और वाहन संचालन के संपूर्ण अनुकूलन की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।
युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए निगम में शीघ्र ही विभिन्न पदों पर भर्तियां भी की जाएंगी। बैठक में निगम के भर्ती एवं पदोन्नति शेड्यूल में कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता बी, चालक, कनिष्ठ लेखाकार, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) एवं आर्टिजन ग्रेड 3 की निर्धारित पात्रता में भी संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत आर्टिजन ग्रेड 3 पद पर सीधी भर्ती के लिए वर्तमान पात्रता में से निगम के कार्यशाला में अप्रेंटिसशिप करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिए जाने संबंधी प्रावधान को हटाए जाने का अनुमोदन किया गया। साथ ही निगम में की जाने वाली सीधी भर्ती के पदों में से जो पद राज्य सरकार के विभागों में विद्यमान है उन पदों का पाठ्यक्रम राज्य सरकार के समकक्ष तथा शेष पदों का पाठ्यक्रम निगम द्वारा की गई पिछली भर्ती के पाठ्यक्रम के अनुरूप रखे जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीधी भर्ती के पदों पर देय आरक्षण संबंधी प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया।

## चुरू जिले में थाना सदर, एजीटीएफ व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

# जयपुर में 1.47 करोड रुपए की लूट व चूरू में हत्या का मुख्य आरोपी पुष्कर-मुंबई में भीख मांग कर रहा था गुजारा

## पुलिस से बचने भिखारियों के बीच में सोता, लगातार पीछा कर रही टीम ने फतेहपुर से किया गिरफ्तार,15000 रुपए का है इनामी

चमकता राजस्थान

**जयपुर/चुरु (खलील कुरैशी) 29 नवंबर।** जयपुर में 1.47 करोड रुपए की लूट एवं चूरू में एक युवक की हत्या कर फरार हुए 15 हजार रुपये इनामी मुख्य आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला पुत्र योगेंद्र जाट (25) निवासी बूटिया थाना सदर चुरू को जिले की सदर थाना पुलिस, एजीटीएफ व साइबर सेल की टीम ने फतेहपुर से दस्त्याब कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरारी में वेश बदलकर पुष्कर-मुंबई में भीख मांग कर गुजारा कर रहा था वहीं पुलिस से बचने भिखारियों के बीच में सोता था।एसपी जय यादव ने बताया कि 2 नवम्बर को वार्ड नम्बर 46 निवासी प्रेमचंद प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि वह अपने भतीजे नरेन्द्र प्रजापत के साथ पार्टी कर रात के समय मोटरसाईकिल से घर आ रहा था। रास्ते मे थार गाडी को रोड के



बीच लगाकर अमित उर्फ मितला, शुभम ढाका व उसके साथियों ने उनकी बाइक रूकवा लाठियो से मारपीट कर नरेंद्र की हत्या कर फरार हो गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू की गई। आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला जयपुर मे 01 करोड 47 लाख रूपये की लूट करने के बाद वहा से फरार हो गया। उसके बाद पूर्व की रंजिश को लेकर चूरू आकर नरेन्द्र प्रजापत की हत्या कर फरार हो गया। आरोपी अमित कुमार के चुरू जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक चूरू कार्यालय से 15 हजार रूपये का ईनाम धोषित किया गया।फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एएसपी लोकन्द्र दादरवाल व सीओ सुनिल कुमार झाझडिया के निकटतम सुपरविजन व एसएचओ बलवन्त सिह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज व लोकेशन के आधार पर रूट मैप बना कर अलग अलग टीमों द्वारा आरोपी की तलाश में जयपुर, सीकर, फतेहपुर, जोधपुर, नागौर मे अलग अलग स्थानों पर दबिश दी। साईबर सैल व मुखबिर के सहयोग से आरोपी अमित कुमार के भिवण्डी (महाराष्ट्र) में छुपने का पता लगने पर वहा पर दबिश दी गई। भनक लगते ही आरोपी वहां से भी फरार हो गया। लगातार पीछा कर टीम ने आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला को फतेहपुर से दस्तयाब कर गिरफतार कर लिया। मामले में एक आरोपी को पूर्व में गिरफतार कर न्यायिक हिरासत मे भिजवाया जा चुका है। एसपी यादव ने बताया कि आरोपी अमित कुमार अपनी फरारी के दौरान अपना हुलिया बदलकर पुष्कर व मुंबई मे जाकर भीख मांग अपना पेट भरने लगा। पुलिस को शक ना हो इसलिए भिखारियों के बीच ही सोने लगा। आरोपी की गिरफतारी मे साईबर सैल चूरू के कांस्टेबल रमाकान्त एवं थाना सदर के कांस्टेबल नवीन की विशेष भूमिका रही।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना सदर चूरू से एसएचओ बलवन्त सिह, कांस्टेबल नवीन व सरजीत, साईबर सैल से कांस्टेबल रमाकान्त एवं एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल सज्जन कुमार शामिल थे।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधानमंत्री मोदी की पत्नी जशोदा बेन पहुंचीं उज्जैन, किए भगवान महाकाल के दर्शन



उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन शुक्रवार को उज्जैन पहुंचीं। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। उन्होंने भोग आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। बाद में उन्होंने कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने बताया कि जशोदा बेन शुक्रवार को महाकालेश्वर मंदिर आई थीं। उन्होंने जल द्वार से प्रवेश कर देहरी से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां बाबा महाकाल के चांदी द्वार पर माथा टेककर पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। पुजारियों ने आशीर्वाद स्वरूप जशोदा बेन को भगवान महाकाल पर चढ़ा हुआ वस्त्र और पुष्प माला दी। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में जाकर नंदीजी के कानों में अपनी मनोकामनाएं कहीं और ध्यान लगाया। यहां मंदिर समिति ने उनका सम्मान भी किया।

## बंद पुलिस चौकी के बाहर धमाका

**चंडीगढ़।** अमृतसर में शुक्रवार की सुबह एक बन्द हो चुकी पुलिस चौकी के बाहर धमाका हुआ है। इससे पहले पिछले सप्ताह ही अजनाला पुलिस थाने के बाहर से आईईडी बरामद किया गया था। वहां पर भी धमाके की योजना थी। अमृतसर की गुरबख्श नगर चौकी को पिछले साल बन्द कर दिया गया था। इस चौकी में संबंधित थाने का सामान रखा जाता है। आज यहां सुबह एक धमाका हुआ।धमाके से कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब तीन बजे बम धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। लोग घरों से बाहर निकल आये और चारों तरफ अफरा तफरी फैल गई। धमाके के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एडीसीपी शहरी विशालजीत सिंह के अनुसार, धमाके से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। धमाका किस कारण से हुआ, इसके लिए फोरेंसिक व अन्य टीमों को बुलाया गया है। अभी पुलिस जांच कर रही है, जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि धमाका किन कारणों से हुआ है।

## पाकिस्तान के कुर्रम में शिया-सुन्नी हिंसा, 12 की मौत, 18 घायल

**कुर्रम (खैबर पख्तूनख्वा)।** पाकिस्तान के कुर्रम जिले में शिया-सुन्नी का खूनी टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा टकराव में 12 लोगों की मौत हो गई और कम-से-कम 18 लोग घायल हो गए। जिसके बाद सप्ताह भर में ऐसे संघर्षों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 हो गई। जनजातीय बाहुल्य कुर्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट डिवीजन का एक जिला है। संघर्ष विराम समझौता विफलडॉन समाचार पत्र के अनुसार, कुर्रम जिले में झड़पों में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 90 हो गई। एक सप्ताह से अधिक समय से जारी खूनी टकराव को रोकने में संघर्ष विराम समझौता विफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि ताजा झड़प में 12 और लोगों की जान चली गई और 18 अन्य घायल हो गए। जिले के ऊपरी और निचले हिस्सों में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। लोअर कुर्रम के पारचिनार इलाके में पिछले सप्ताह शिया समुदाय के यात्री वाहनों के एक काफिले पर हमले के बाद सशस्त्र झड़पें शुरू हुई हैं। इस हमले में 40 से अधिक लोग मारे गए थे।

## 200 तोतों के साथ एक शख्स गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की थाना वेबसिटी पुलिस ने शुक्रवार को 200 तोतों के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया। वह इन तोतों को बस में रखकर मुरादाबाद से जयपुर ले जा रहा था। अन्य दो आरोपित बस से कूद कर फरार हो गए। इन तोतों को पिंजड़ों में ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। गाजियाबाद की एसीपी लिपि नगायच ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पीपुल फॉर एनिमल के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता की सूचना पर वेबसिटी पुलिस ने आईएमएस कॉलेज के पास एक बस को रोक कर जांच की। बस में हरे रंग के कम से कम 200 तोते पिंजरों में बंद बरामद किए गए। यह बस राजस्थान के जयपुर जा रही थी। पुलिस ने बस परिचालक महावीर सिंह को गिरफ्तार किया है। वह राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बड़ा गांव कहार का निवासी है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड 1 दिसंबर को कानपुर का करेंगे दौरा

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 1 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को बताया कि अपने इस दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे और वहां के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात, वित्तीय सहायता सहित कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10 हजार करोड़ रुपये मांगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और कृषि, जल संसाधन और शहरी बुनियादी ढांचे सहित कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र से 10 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी करने और अल्पावधि कृषि ऋण सीमा में सुधार करने सहित कई मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ उपमुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री डीके शिवकुमार, ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने ज्ञापन में कहा है कि नाबार्ड ने कर्नाटक के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा में भारी कटौती की है। यह 2023-24 के 5,600 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत घटकर 2024-25 में



केवल 2,340 करोड़ रुपये रह गई है। सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह इस पर गौर करें और वित्त मंत्रालय को इस स्थिति को सुधारने का निर्देश दें ताकि कर्नाटक में किसानों को रियायती दर पर कृषि ऋण मिलना जारी रहे।

उन्होंने केंद्रीय बजट 2023-24 में स्वीकृत अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये मांगे। मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं कावेरी नदी पर मेकेदातु परियोजना और महादयी नदी पर कलासाबंडुरी परियोजना की मंजूरी के लिए भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य में शहरी और सार्वजनिक परिवहन के लिए विशेष सहायता का अनुरोध भी किया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10 हजार करोड़ रुपये मांगे।

# फिलिस्तीनियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में भारत बनेगा साझेदार : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता दिखाने के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर अपने संदेश में कहा है कि भारत फिलिस्तीनियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोगियों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के परिणामस्वरूप दुखद जन हानि हुई है और फिलिस्तीन व व्यापक पश्चिम एशिया क्षेत्र के लोगों को भारी पीड़ा का सामना करना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संघर्ष विराम और सभी तरह की आतंकी कार्रवाइयों पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत वहां की वर्तमान सुरक्षा और मानवीय स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि बंधकों की रिहाई होनी चाहिए और फिलिस्तीन लोगों तक मानवीय सहायता सतत रूप से पहुंचनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि बातचीत और रणनीतिक वार्ता से स्थाई शांति हासिल की जा सकती है। भारत हमेशा से दो राष्ट्र समाधान की बात करता है, जिसमें इजराइल के साथ शांति बनाए रखते हुए एक स्वतंत्र और सुदृढ़ फिलिस्तीनी राष्ट्र रहे।

## पर्यटन क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पर्यटन क्षेत्र में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है, इसे देखते हुए सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पर्यटन में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है। हमारी सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक लोग अतुल्य भारत के



चमत्कारों का अनुभव कर सकें।' इससे पहले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एक्स पर पोस्ट में कहा कि यह सुनिश्चित करना कि पूरी दुनिया भारत के हर कोने को देखे। भारत के पर्यटन क्षेत्र को भारी बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने आज पूंजी निवेश के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, ताकि प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि 3,295.76 करोड़ रुपये की लागत वाली ये परियोजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी और स्थायी पर्यटन के माध्यम से रोजगार पैदा करेंगी। लोकप्रिय स्थलों पर भीड़भाड़ कम करने, उन्नत तकनीकों को एकीकृत करने, स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे और आगंतुकों के अनुभवों को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने से लेकर, भारत की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भव्यता का आनंद लेने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए विश्व स्तरीय अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए जाएंगे।

## ड्रग मामले में अभिनेता एजाज खान की पत्नी गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम ) की टीम ने फिल्म अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को ड्रग मामले में उनके जोगेश्वरी स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। साथ ही कस्टम की टीम ने आवास पर कथित तौर पर विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। कस्टम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने 8 अक्टूबर को एजाज खान के अंधेरी स्थित ऑफिस के कर्मचारी सूरज गौड़ को कूरियर के जरिए यूरोपीय देश से 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) मंगवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कस्टम की टीम तब से इस मामले की गहन छानबीन कर रही थी। इसी दौरान सूरज गौड़ से पूछताछ में पता चला कि ड्रग मामले में एक्टर एजाज खान की पत्नी भी शामिल है। इसके बाद मुंबई कस्टम की टीम ने एजाज खान के जोगेश्वरी स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान 130 ग्राम मारिजुआना और अन्य नशीले पदार्थ बरामद मिले। इसके बाद कस्टम विभाग की टीम ने एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलिवाला को गिरफ्तार किया है।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी चाहिए : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय की आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर खतरों और लक्षित हमलों को लगातार



और दृढ़ता से उठाया है। अंतरिम सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयानबाजी बढ़ने पर भी चिंता जाहिर की है। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। हम बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान करते हैं।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के पहले से ही अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। हाल ही में वहां हिन्दू धमार्चार्य की गिरफ्तारी भी बड़ा मुद्दा बनी थी। भारत लगातार बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसपर अपनी चिंता जाहिर की है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की 'स्मृति लोप' की बात करना दुर्भाग्यपूर्ण : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर की गई टिप्पणी को विदेश मंत्रालय ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि इस तरह के बयान दोनों देशों के बीच मधुर और महत्वपूर्ण संबंधों के अनुरूप नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री मोदी से तुलना करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के 'स्मृति लोप' की बात करने पर एक प्रश्न पूछा गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत-अमेरिका बहुआयामी साझेदार हैं। दोनों देशों के बीच यह संबंध दोनों ओर से दृढ़ता, एकजुटता और आपसी सम्मान व प्रतिबद्धता के पालन से बने हैं। इस तरह के बयान भारत की स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के अमरावती में प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने उनकी तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति से की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति भूल जाते थे, उन्हें पीछे से याद दिलाना पड़ता था। यूक्रेन के राष्ट्रपति आए और अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन आए हैं। उन्होंने अपनी याददाश्त खो दी है, वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री भी अपनी याददाश्त खो रहे हैं।

## संविधान को लेकर भ्रम फैलाते हैं राहुल, जनता ने नकारा : आठवले

एजेंसी

**लखनऊ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी संविधान को लेकर भ्रम फैलाते हैं लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने उनके झूठ को नकार दिया। विपक्ष बेकार के मुद्दों को उठाता रहता है और स्वयं की समीक्षा नहीं करता। अब राहुल गांधी ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं।

आठवले ने लखनऊ के गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी ईवीएम को हटाने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ईवीएम भाजपा सरकार में नहीं आई। अगर बैलेट पेपर से चुनाव होता है तो उसके लिए भी हम तैयार हैं। बैलेट पेपर में एनडीए को इससे ज्यादा सफलता मिलेगी। विपक्ष महाराष्ट्र हार गया तो ईवीएम का रोना रो रहा है लेकिन झारखंड में जीत हुई तो उस पर कुछ नहीं बोल रहा। मोदी ने पिछले 10 साल में देश का खूब विकास किया लेकिन विपक्ष उनको इस विकास का क्रेडिट नहीं देना चाहता।



### उत्तर प्रदेश में बढ़ रहा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का जनाधार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। पिछले तीन महीनों में करीब 50 लोगों ने अन्य पार्टियों में अलग-अलग पदों पर रहने वाले लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ली है। सुहेलदेव समाज पार्टी से 26, समाजवादी पार्टी से 4 और बहुजन समाज पार्टी से 20 लोग छोड़कर आरपीआई में शामिल हुए हैं। इसके अलावा प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 20 हजार नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आठवले ने कहा कि आरपीआई(ए) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में 2026 में जिला पंचायत का चुनाव लड़ने जा रही है। आरपीआई (ए) केंद्र में एनडीए के साथ है। उत्तर प्रदेश में भी आरपीआई (ए) को अपना दल, निषाद पार्टी, सुहेलदेव समाज पार्टी की तरह गठबंधन में शामिल कर प्रतिनिधित्व देना चाहिए। इससे 2027 में भाजपा की और ज्यादा सीटें आएंगी।

### अरब सागर › भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के संयुक्त कार्रवाई

# दो श्रीलंकाई नावों से 500 किलो ड्रग्स किया बरामद

- 9 लोगों को गिरफ्तार कर श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अरब सागर में मछली पकड़ने वाली दो श्रीलंकाई नावों से 500 किलो ड्रग्स बरामद कर-के 09 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्ती की यह कार्रवाई भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के संयुक्त अभियान में की गई है। चालक दल और जब्त नशीले पदार्थों के साथ दोनों नावों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप



दिया गया है।

भारतीय नौसेना के गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र (हिंद महासागर क्षेत्र) को श्रीलंकाई नौसेना से अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज वाली मछली पकड़ने वाली दो नावों से मादक पदार्थों की तस्करी किये जाने के बारे में जानकारी मिली। इस इनपुट पर भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और दूर से संचालित विमान से व्यापक निगरानी की गई। साथ ही निगरानी प्रयासों को बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना जहाज के एक जहाज को भी तैनात किया गया।

मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सूचना के आधार पर भारतीय नौसेना ने दोनों नावों को रोकने के लिए एक समन्वित अभियान के माध्यम से त्वरित प्रतिक्रिया दी। श्रीलंकाई नौसेना से लगातार मिल रही सूचनाओं और भारतीय नौसेना के विमानों से हवाई निगरानी के आधार पर 24 और 25 नवंबर को दो नावों की पहचान की गई। मादक पदार्थ विरोधी अभियानों का संचालन करने के लिए भारतीय नौसेना के एक अतिरिक्त जहाज को भी तैनात किया गया था।

इसके बाद जहाज और हवाई संपत्तियों के बीच दोनों नावों के चालक दल को सचेत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने हाथ खड़े करके समर्पण कर दिया। भारतीय और श्रीलंकाई नौसेना के समन्वित अभियान में जहाज की बोर्डिंग टीम ने दोनों नावों पर चढ़ाई की और लगभग 500 किलोग्राम नशीले पदार्थ (क्रिस्टल मेथ) जब्त किए गए। चालक दल और जब्त नशीले पदार्थों के साथ दोनों नावों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## अडाणी पर अमेरिका से नहीं मिला अनुरोध : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि गौतम अडाणी प्रकरण में उसे अमेरिका के जस्टिस विभाग की ओर से समन या गिरफ्तारी वारंट तामील करने का अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। विदेशी सरकार की ओर से जारी किसी समन या वारंट की तामील परस्पर कानूनी सहायता प्रक्रिया के तहत की जाती है। ऐसे किसी अनुरोध पर गुण-दोष के आधार पर फैसला किया जाता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गौतम अडाणी के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यह एक निजी व्यक्ति और कंपनी तथा अमेरिका के न्याय विभाग के बीच का कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में निश्चित कानूनी प्रक्रिया और उपाय हैं और हमें विश्वास है कि इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौतम अडाणी प्रकरण में भारत सरकार को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई। साथ ही दोनों देशों के बीच इस संबंध में कोई बातचीत भी नहीं हुई। प्रवक्ता ने दोहराया कि यह मामला निजी पक्षों से जुड़ा है तथा फिलहाल भारत सरकार इसके साथ कानूनी रूप से नहीं जुड़ी है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक अदालत में गौतम अडाणी की कंपनी के खिलाफ मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल हुआ है। कंपनी पर आरोप है कि उसने भारत में ठेके हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को कथित रूप से रिश्वत देने की साजिश रची।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर हुए वियान मुल्डर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की टीम डरबन में श्रीलंका के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाकी बचे समय के साथ-साथ गेकेबरहा में होने वाले अगले मैच में भी वियान मुल्डर के बिना खेलेगी, क्योंकि इस ऑलराउंडर के दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने 5 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को मुल्डर की जगह टीम में शामिल किया है। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। डरबन में पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लाहिरू कुमारा की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद से मुल्डर को हाथ में चोट लग गई थी। मुल्डर को काफी दर्द हो रहा था और उन्हें फिर से बल्लेबाजी करने में कुछ समय लगा। लेकिन उन्होंने दर्द के कारण मैदान से बाहर जाने से पहले सिर्फ दो और गेंदों का सामना किया। उसी सत्र में, जब दक्षिण अफ्रीका के 145 रन पर नौ विकेट गिर चुके थे, तब वे फिर से बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने और कागिसो रबाडा ने अंतिम विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जिसमें मुल्डर ने धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर छक्का भी लगाया। लंच ब्रेक के दौरान लिए गए एक्स-रे से पता चला कि चोट कितनी गंभीर है, जिसके कारण अब वे आगे नहीं खेल पाएंगे।

### रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने की चेतश्वर पुजारा ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर चेतश्वर पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने की सलाह दी है। रोहित शर्मा पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में खेल पाए थे। भारत ने पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल को यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जोड़ीदार बनाया था। यशस्वी ने दूसरी पारी में शतकीय पारी खेली जबकि राहुल ने अर्धशतक जड़ा था। पुजारा का कहना है कि एडिलेड में खेले जाने वाले डे नाइट टेस्ट में भी जायसवाल के साथ केएल राहुल को ओपनिंग के लिए भेजना चाहिए। रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए. जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली।

### इगा स्विएटेक ने डोपिंग मामले में अपना निलंबन स्वीकार किया



**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्विएटेक को प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडाइन (टीएमजेड के नाम से जानी जाने वाली हृदय की दवा) के सेवन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। स्विएटेक अगस्त में प्रतियोगिता से बाहर ड्रग टेस्ट में विफल रही थीं, और आईटीआईए ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार कर लिया कि परिणाम अनजाने में हुआ था और यह एक गैर-पर्चे वाली दवा, मेलाटोनिन के संदूषण के कारण हुआ था, जिसे स्विएटेक जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थीं। आईटीआईए ने कहा कि यह निर्धारित किया गया था कि उनकी गलती का स्तर बिना किसी महत्वपूर्ण गलती या लापरवाही के सीमा के सबसे निचले छोर पर था। पोलैंड की 23 वर्षीय स्विएटेक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह अनुभव, जो मेरे जीवन का अब तक का सबसे कठिन अनुभव था, ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा, यह पूरी बात निश्चित रूप से मेरे जीवन के बाकी हिस्सों के लिए मेरे साथ रहेगी। इस स्थिति ने मेरा दिल लगभग तोड़ दिया था, जिसके बाद प्रशिक्षण पर वापस लौटने में बहुत समय लगा, इसलिए बहुत सारे आंसू थे और बहुत सारी रातें बिना सोए रहीं। स्विएटेक ने पोलिश भाषा में बात करते हुए कहा, जिसका अंग्रेजी अनुवाद पोस्ट के शीर्ष पर स्क्रॉल किया गया है, इसका सबसे बुरा हिस्सा अनिश्चितता थी।

### रिकी पोंटिंग ने कहा, भारत ने विदेशों में कुछ व्यापक और अविश्वसनीय जीत हासिल की हैं

# पर्थ की जीत भारत की सबसे बड़ी जीत

### टॉस जीतना एक बड़ा फायदा था, मैंने उस समय ऐसा कहा था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले मैच में पर्थ में भारत की हालिया जीत टीम की विदेश में सबसे बड़ी जीत है। पोंटिंग ने कहा, मुझे यकीन है कि यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट मैच जीत में से एक के रूप में दर्ज की जाएगी, और शायद ऐसा होना भी चाहिए। भारत ने विदेशों में कुछ व्यापक और अविश्वसनीय जीत हासिल की हैं, जिसमें गाबा 2021 का परिणाम भी शामिल है, जिसने उन्हें पीछे से आकर सीरीज जीतने के लिए प्रेरित किया।

लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान के पास इसके अपने कारण थे। पोंटिंग ने कहा, उनके पास जो खिलाड़ी थे, उनके जाने के बाद...रोहित (शर्मा) नहीं खेल पाए, (शुभमन) गिल नहीं खेल पाए और (मोहम्मद) शमी नहीं खेल पाए...यह एक शानदार जीत है। पहली पारी में मामूली स्कोर पर सिमटने के बाद भारत ने मैच 295 रन से जीत लिया। चार दिन में खत्म हुए टेस्ट को याद करते हुए पोंटिंग ने




क्रिकबज से कहा, 150 रन पर आउट होने के बाद, यह थोड़ी, चौंकाने वाली जीत थी। और उन्होंने 300 रन से जीत हासिल की। इसलिए यह एक अविश्वसनीय बदलाव है। पोंटिंग ने यह विश्लेषण करने की कोशिश की कि पूरे टेस्ट में भारत ने बढ़त क्यों बनाए रखी और टॉस के महत्व का हवाला दिया। उन्होंने कहा, टॉस जीतना एक बड़ा फायदा था। मैंने उस समय ऐसा कहा था। रिकॉर्ड यह है कि ऑप्टस स्टेडियम में जीतने वाली टीम ने हर बार पहले बल्लेबाजी की। संयोग से, ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाँच में से चार टेस्ट जीते। मैच में भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम 50 से कम ओवरों में 150 रन पर ढेर हो गई।

### न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद खास थी भारतीय जीत

लेकिन उन्होंने पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने केवल 67 रन पर 7 विकेट खो दिये थे, जिसमें से चार बुमराह ने लिए। कप्तान ने टेस्ट में कुल मिलाकर आठ विकेट लेकर आगे से नेतृत्व किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि बुमराह ने आगे से नेतृत्व किया। पहली पारी की शुरूआत में उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की वह अविश्वसनीय था। आप जानते हैं, शमी के न होने पर, उन्हें खड़े होकर नेतृत्व करना पड़ा। और कप्तान होने के नाते, उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने मैदान पर अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ ऐसा किया, और उन्होंने गेंद को हाथ में लेकर ऐसा किया। जाहिर है, विराट (कोहली, जिन्होंने नाबाद शतक बनाया) को वही करना था जो उन्होंने दूसरी पारी में किया और उन्होंने (यशस्वी) जायसवाल के साथ मिलकर खेल को सेट किया। लेकिन मुझे लगता है कि उनका पूरा गेंदबाजी समूह पहले दिन देर से खड़ा हुआ। पहले दिन का दूसरा भाग शायद वह था जहां खेल बदल गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली करारी हार के बाद भारतीय जीत खास थी।

### अब घर से बाहर बेहतर खेलते हैं भारतीय बल्लेबाज

पोंटिंग ने कहा कि अगर उस सीरीज में विकेट अच्छे होते तो भारत को इतनी शर्मनाक हार का सामना नहीं करना पड़ता और उन्हें यकीन है कि वे घरेलू मैदान की तुलना में विदेशों में बेहतर टीम हैं। उन्होंने कहा, मैंने एक बात कही, और मुझे लगता है कि यह सच है। मुझे नहीं पता कि इस बारे में यहां कितनी बात हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज अब घर से बाहर बेहतर खेलते हैं, जितना वे घर पर खेलते हैं। मुझे लगता है कि वे अब स्पिन गेंदबाजी के मुकाबले तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं। और मुझे लगता है कि यह पर्थ में साबित हो गया है। पर्थ जाने में सक्षम होना, जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी का उस विकेट पर 161 रन बनाना, यहां तक कि नितीश रेड्डी का पहली पारी में 41 रन बनाना... मुझे लगता है कि वे (भारत) उन विकेटों पर बेहतर खेलते हैं, जितना वे अपने घर में धीमी स्पिनिंग ट्रैक पर खेलते हैं। मेरा मतलब है, दुनिया में ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे न्यूजीलैंड उन्हें अच्छे विकेटों पर हरा सके।

# पुरुष जूनियर एशिया कप 2024, भारत ने जापान को 3-2 से हराया



एजेंसी

**मस्कट।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार रात मस्कट, ओमान में जापान के खिलाफ अपने दूसरे पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 मैच में 3-2 से कड़ी जीत दर्ज की। थोकचोम किंगसन सिंह (12) ने भारत के लिए खाता खोला, लेकिन जापान के नियो सातो (15, 38) ने जल्द ही गोल करके बराबरी हासिल कर ली। दूसरे हाफ में रोहित (36) ने भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन नियो सातो ने फिर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। अरिजीत सिंह हुंडल (39) ने तीसरे क्वार्टर के अंत में फिर से भारत के लिए बढ़त हासिल की और भारत ने एक गोल की बढ़त को बरकरार रखते हुए अपनी जीत सुनिश्चित की।

दोनों टीमें शुरूआती सीटी से ही क्षेत्र के लिए एक दूसरे से भिड़ती रहीं, जिसके कारण खेल के तीन मिनट बाद जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला, हालांकि बिक्रमजीत सिंह सतर्क रहे और अपने गोल पर किसी भी तरह के खतरे को टाल दिया। जापान द्वारा उच्च दबाव का इस्तेमाल करने के बावजूद, भारत ने चतुर हवाई गेंदों और शानदार कौशल के साथ इसे कुशलता से पार कर लिया। दोनों टीमों ने सार्थक कब्जे के लिए संघर्ष किया, और दिलराज सिंह ने पहले क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिसे थोकचोम किंगसन सिंह ने गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी। हालांकि, पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में जापान ने पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और नियो सातो ने भारतीय रक्षा को पार करते हुए ड्रैग फ्लिक के साथ बराबरी हासिल की। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में, भारत ने मनमीत सिंह के साथ दो मिनट के भीतर दो बार गोलकीपर को परखने के साथ बढ़त हासिल करने का प्रयास किया, हालांकि, किशो कुरोदा दोनों मौकों पर गोल बचाने में कामयाब रहे।

**पहला हाफ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ:** दोनों टीमों ने एक दूसरे पर वार किया लेकिन कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला जब तक कि क्वार्टर में छह मिनट शेष रहते जापान को पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला। भारत के पहले रशर रोहित ने जापान को इस अवसर का फायदा न उठाने देने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। क्वार्टर में दो मिनट शेष रहते जापानी फॉरवर्ड ने दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। हालांकि, भारत ने हार नहीं मानी और अपने पेनल्टी कॉर्नर से जवाब दिया लेकिन जापान ने बेहतरीन बचाव किया, जिससे पहला हाफ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी कुछ इसी तरह हुई और जापान ने चार मिनट के आसपास दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए। हालांकि, उप कप्तान रोहित और बिक्रमजीत सिंह ने जापान के प्रयासों को विफल कर दिया और भारत ने आगे बढ़कर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। इस बार रोहित ने गोलकीपर के पास से गेंद को फ्लिक करके भारत को बढ़त दिलाई। बराबरी की तलाश में जापान के नियो सातो ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। भारत के दबाव के चलते, अर्शदीप सिंह ने जापानी सर्कल के पास गेंद को पकड़ लिया और उन्होंने अरिजित को पास दिया, जिन्होंने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से निर्णायक बढ़त दिला दी। भारत अपना अगला मैच 30 नवंबर को चीनी ताइपे से खेलेगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी: विदेश मंत्रालय ने कहा

# पाक नहीं जाएगी भारतीय टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा चिंताओं के कारण अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, जब उन्होंने एशिया कप में भाग लिया था।

दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने आखिरी बार 2012-13 में भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें सफेद गेंद के मैच शामिल थे। उसके बाद, भारत और पाकिस्तान मुख्य रूप से आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में एक-दूसरे का सामना करते रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान में सुरक्षा चिंताओं के कारण, यह संभावना नहीं है कि भारतीय टीम पाकिस्तान में मार्की इवेंट खेलने के लिए सीमा पार करेगी। रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा, बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं, और इसलिए, यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी।

भारत ने पाकिस्तान की यात्रा न करने के अपने रुख पर दृढ़ता से



कायम है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि बोर्ड भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करेगा। भारत ने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए यात्रा न करने के बारे में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, वहीं पाकिस्तान भी अपने रुख पर अड़ा हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट की मेजबानी करने के विचार को खारिज कर दिया था। हाल ही में, उन्होंने वादा किया कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा करने की कोशिश कर रहा है। नकवी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, हमारा रुख बहुत स्पष्ट है। मैं वादा करता हूं कि हम पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा करेंगे। मैं लगातार आईसीसी चेयरमैन के संपर्क में हूं और मेरी टीम उनसे लगातार बात कर रही है।

## व्यापार

# वित्त मंत्री ने पटना में पूर्वी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा की

एजेंसी

**पटना/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना के होटल ताज में पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की समीक्षा की। वह इस समय बिहार के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। सीतारमण के पटना और दरभंगा में कई कार्यक्रम हैं।

### बिहार के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं सीतारमण



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्ष और डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पटना में बिहार के उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की।

# बीएमडब्ल्यू मोटरराड की कीमतों में 2.5 फीसदी तक करेगी इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जर्मनी की कार निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू की दोपहिया इकाई बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में 2.5 फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। नई दरें एक जनवरी, 2025 से लागू होंगी।

कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक जनवरी, 2025 से 2.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि समग्र कच्चे माल की लागत में वृद्धि और महंगाई के दबाव की वजह से मूल्य में बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। इससे पहले बीएमडब्ल्यू इंडिया ने जनवरी से अपनी सभी कारों की कीमतों में तीन फीसदी तक की इजाफा करने की घोषणा पहले कर चुकी है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भी नए साल से भारत में अपने वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

उल?लेखनीय है कि दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने आधिकारिक तौर पर अप्रैल, 2017 में बीएमडब्ल्यू समूह की भारतीय अनुषंगी के तौर पर



अपना परिचालन शुरू किया था। यह ब्रांड देश में प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर की श्रृंखला बेचता है।

# सेल और जॉन कॉकरिल इंडिया ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड (जेसीआईएल) ने नवाचार और हरित इस्पात प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है। सेल और जेसीआईएल ने इसके लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (वित्त) अनिल कुमार तुलसियानी और जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड के मेटल्स डिवीजन के प्रबंध निदेशक माइकल कोटास ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, व्यापक उद्योग विशेषज्ञता और नवाचार और स्थिरता के लिए साझा दृष्टिकोण सहित दोनों कंपनियों की संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाना है। इसके अलावा कोल्ड रोलिंग और कार्बन स्टील, ग्रीन स्टील और सिलिकॉन स्टील (विशेष रूप से सीआरजीओ-कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटेड और सीआरएनओ-कोल्ड रोल्ड नॉन-ओरिएंटेड स्टील्स)



के प्रसंस्करण पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य लोहे और इस्पात निर्माण प्रक्रियाओं में हरित प्रौद्योगिकियों का एकीकरण करना और उन्नत इस्पात निर्माण तकनीकों को शामिल कर-के दक्षता और स्थिरता को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने बताया कि सेल उन्नत, संधारणीय प्रौद्योगिकियों को अपनाकर पारंपरिक लोहा और इस्पात निर्माण पद्धतियों को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। इस?पात मंत्रालय के अनुसार कार्बन उत्सर्जन को कम करने और संसाधन दक्षता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सेल अपनी संचालन प्रक्रियाओं को एक गतिशील बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप बना रहा है। ये प्रयास एक हरित और अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ आचार्य शंशाक सागर के सानिध्य में हुआ नवीन वेदी भूमि का शिलान्यास

## पुण्यार्जक परिवारों और श्रद्धालुओं ने स्थापित की स्वर्ण, रजत और ताम्र शिलाओं, 5 फीट चौड़ी और सवा तीन ऊंची बनेगी वेदी

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** एशिया की सबसे बड़ी कालोनियों में शुमार धर्म नगरी जयपुर के मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड़ स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी के एम ब्लॉक में 13 दिसंबर 2023 से नवनिर्माणाधीन शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। जो अब तक आधे से अधिक बनकर तैयार हो गया है। शुक्रवार को निर्माणाधीन जिनालय में नवीन वेदी भूमि का शिलान्यास आचार्य शंशाक सागर महाराज ससंघ सानिध्य एवं बाल ब्रह्मचारी धर्मचंद शास्त्री (गुरुग्राम) व जिनेश भैया (चीकू) के निर्देशन में किया गया। 250 गज में बन रहे मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर बने बड़े हाल में नवीन वेदी भूमि का शिलान्यास किया गया है जो 5 फीट चौड़ी होगी और सवा 3 इंच ऊंचाई रखी जाएगी, जिनालय जब पूरा तैयार हो जाएगा तब भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के साथ जिन बिम्ब प्रतिमाओं को इस वेदी पर विराजमान किया जाएगा।

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि शुक्रवार को प्रातः 6.30 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा चैत्यालय में विराजमान भगवान शांतिनाथ के कलशाभिषेक और शांतिधारा की गई और नित्य नियम पूजन किया गया। इसके पश्चात नवीन जिनालय में वेदी भूमि का शुद्धि संस्कार और प्रतिष्ठा धर्मचंद शास्त्री के निर्देशन में संपन्न की गई। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने नवीन वेदी भूमि शिलान्यास का अष्ट द्रव्यों के साथ पूजन किया और अर्घ चढ़ाएं। प्रातः 10.30 बजे आचार्य शंशाक सागर महाराज वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर से विहार कर स्वर्ण पथ, न्यू सांगानेर रोड़, स्वर्ण गार्डन होते हुए इंजीनियर्स कॉलोनी के नवीन जैन मंदिर में प्रवेश संपन्न हुआ, जहां पर कमलचंद छाबड़ा, पुष्पेंद्र जैन पचेवर वाले, अशोक बोहरा, मनीष जैन, महावीर जैन परिवार सहित विभिन्न श्रावक और श्राविकाओं ने आचार्य श्री की पाद प्रक्षालन और आरती कर मंगल अगवानी की। इसके बाद सभा का आयोजन हुआ और आचार्य श्री द्वारा संबोधन दिया गया और मंदिर में वेदी के महत्व पर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए।

### इन्हें मिला वेदी भूमि शिलान्यास करने का पुण्यार्जन

अभिषेक जैन बिट्टू ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को वेदी भूमि शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान आचार्य शंशाक सागर महाराज के सानिध्य में मुख्य आधार शिला स्थापित करने का सौभाग्य राजकुमार ठोलिया हिंगोनिया परिवार, आधार शिला गुणमाला, दिवाकर-शिल्पी जैन चितोड़ा परिवार, बेंगलौर, मुख्य रजत कलश स्थापना चिरंजीलाल कांतादेवी, सुनील सेठी प्रताप नगर परिवार, इसके अतिरिक्त पांच कोणों के कलश सुधीर रेणु पाटनी, मोहनलाल आशा, मनोज नीलू पाटनी परिवार सहित 5 परिवारों ने स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वर्ण शिला मंगलचंद, नेमीचंद, पारस, महावीर छाबड़ा मधुवन कॉलोनी को स्थापित करने का अवसर मिला। इसके साथ ताम्र पत्र चढ़ाने का अवसर विमल पिंकी पाटनी प्राप्त हुआ। इसके साथ ही अनिल बोहरा परिवार, शरद ममता सेठी, मनोज इंद्रा सोगानी, महावीर प्रसाद महेश पाटनी सहित भूमि दानदाता कमलचंद तारा देवी, सीए मनीष निशा, सपन रजनी, रवि रितु छाबड़ा परिवार और इन्होंने परिवारजनों व समाजसेवी पुष्पेंद्र अशोक जैन पचेवर वाले द्वारा वेदी भूमि शिलान्यास पूजन में भाग लिया। 21 परिवारों की 21 महिलाओं ने वेदी भूमि पर रतन वृष्टि करने का सौभाग्य अर्जित किया। इस अवसर पर प्रमोद बाकलीवाल, शशांक जैन, सुरेशचंद जैन बांदीकुई वाले, हेमेंद्र सेठी, लोकेश सोगानी, सतीश कासलीवाल, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए।

### संस्कारों के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है और आस्था के लिए जिनालय जरूरी है : आचार्य शंशाक सागर

इंजीनियर्स कॉलोनी के नवीन जिनालय के नवीन वेदी भूमि शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान आचार्य शंशाक सागर महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ₹ जल को जल समझने वाले तो बहुत है किंतु जल को गन्दोधक समझने बहुत कम है क्योंकि यह संस्कारों का प्रभाव है जो अच्छी शिक्षा से वंचित है क्योंकि एक जल वो है जिससे प्राणी नहाता है तो भी जल कहलाता है और एक जल वो है जिससे तीर्थंकर भगवानों के कलशाभिषेक होते है जो गंधोदक बन जाते है जिसे हम अपने मस्तक पर लगाते है। जिनालय संस्कारों का केंद्र है जिसके प्रति आस्था रखने वाले अच्छी शिक्षाओं को धारण करते है और जिनालय और वेदियों का निर्माण करवाते है वो सौभाग्यशाली होते है जो जिनालयों का निर्माण करवाते है यह सौभाग्य आज इंजीनियर्स कॉलोनीवासियों को प्राप्त हुआ है वह सभी साधुवाद के पात्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़ी नगर पालिका कार्यरत सहायक कर्मचारी चौथमल हुए सेवानिवृत्त



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी नगर पालिका में कार्यरत सहायक कर्मचारी चौथमल का शुक्रवार को रिटायरमेंट हुआ नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि 1987 से 2022 तक राजस्थान राज्य सहकारी स्पिनिंग एवं जिनिंग मिल्स फैडरेशन के बाद 22/09/2022 को नगर पालिका बाड़ी में सहायक कर्मचारी के पद कार्यग्रहण किया था। उसके बाद नगर पालिका बाड़ी में सहायक कर्मचारी के पद अपनी सेवा दे रहे, उनका व्यवहार सरल सहज हंसमुख मृदभाषी सदैव अपने काम के प्रति तत्पर रहने वाले चौथमल का शुक्रवार को नगर पालिका बाड़ी के कार्मिकों ने भावभीनी विदाई के साथ नगर पालिका बाड़ी से रिटायरमेंट किया, इस दौरान नगर पालिका चैयरमेन कमलेश देवी, एआरआई मांगीलाल गर्ग, सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा, वरिष्ठ लिपिक मजीद खान, वरिष्ठ लिपिक लोकेश गर्ग, कनिष्ठ लिपिक यादवेन्द्र सिंह तोमर, कनिष्ठ लिपिक सुनील यादव, कनिष्ठ लिपिक कामिनी श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार पाराशर, सामुदायिक संगठक जोगेन्दर मीणा, कल्याण सिंह यादव, डीईओ सुमित तिवारी, डीईओ तपेश बिधूडी, मनु बिधूडी, शिवशंकर पचौरी, गोविंद सिंह यादव, उमेश महेरा, अमित कुमार शुक्ला, बीरेंद्र विधौलिया,अनिल गर्ग, आशीष बंसल, रामकुमार कोली, अंकित कुमार, पुनीत कपरेला, मुकेश वर्मा, किशोरी भटेले, विष्णु पुरोहित, शुभम कौशिक, सहित नगर पालिका के समस्त कार्मिक एवं हनुमानगढ़ से आए उनके परिवारी जन मौजूद रहे।

### नेशनल हाईवे पर बढ़ते टेम्पो हादसों से लोग मौत के मुंह में, टल्ह11 बी पर हुआ फिर दर्दनाक हादसा

**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर /बाड़ी नेशनल हाईवे पर चलने वाले थ्री-व्हीलर टेम्पो अब सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। न तो पुलिस प्रशासन इनका कुछ कर पा रहा है और न ही लोग इन खतरनाक वाहनों में यात्रा करने से बाज आ रहे हैं। दिन-ब-दिन इन टेम्पो से होने वाली दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे नागरिकों की जान तक चली जा रही है। आज फिर टल्ह11 बी पर एक और दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, टेम्पो की तेज़ रफ्तार और खराब सड़क हालात के कारण यह दुर्घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टेम्पो चालक ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करते हुए गलत दिशा में गाड़ी चलाई, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और यह चिंता का विषय बन चुका है। टेम्पो को लेकर प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई न होने के कारण लोगों के जीवन को खतरा लगातार बढ़ रहा है। अब सवाल यह उठता है। कि क्या प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाएगा या इस बढ़ते खतरे को यूं ही अनदेखा किया जाएगा?




## रिलायंस डिजिटल की 'ब्लैक फ्राइडे सेल' में बंपर ऑफर्स

### आईफोन 16 सिर्फ 70,900 रुपए में उपलब्ध

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल ने गुरुवार से अपनी 'ब्लैक फ्राइडे सेल' की शुरुआत की है। यह सेल 28 नवंबर से शुरू हो चुकी है और 2 दिसंबर तक चलेगी। इसके तहत ग्राहक रिलायंस डिजिटल स्टोर्स, माय जियो स्टोर्स और रिलायंस डिजिटल.इन पर स्मार्टफोन, लैपटॉप, होम अप्लायंसेज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।




आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और वनकार्ड के चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 10,000 रुपए तक की छूट और बजाज फिनसर्व, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक कंस्यूमर लोन पर 22,500 रुपए तक का कैशबैक मिलेगा।
फ्राइडे सेल में आईफोन 16 मात्र 70,900 रुपए में, और आईपैड 1,371 रुपए मासिक किस्त पर उपलब्ध हैं। एप्पल वॉच खरीदने पर वॉकिंग पॉइंट्स भी मिलेंगे। वहीं, रेफ्रिजरेटर पर 25,000 रुपए तक की छूट और 8,995 रुपए का एयर फ्रायर 1,999 रुपए में मिलेगा।
गेमिंग लैपटॉप 46,990 रुपए से शुरू हो रहे हैं और ओएलईडी टीवी पर 26,000 रूपए तक की छूट दी जा रही है। ''बाय मोर, सेव मोर'' ऑफर के तहत एक खरीद पर 5 प्रतिशत, दो पर 10 प्रतिशत, और तीन या उससे अधिक खरीद पर 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

## पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा जेल से बाहर, परिजनों ने किया गर्मजोशी से स्वागत, हत्या के मामले में सेवर जेल में काट रहे थे सजा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा अब जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें सेवर जेल, भरतपुर से रिहा किया गया, जहां वह हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। बीएल कुशवाहा की पत्नी शोभारानी कुशवाहा और उनके परिजनों ने जेल के बाहर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। परिजनों द्वारा जमानत की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद उन्हें न्यायालय से राहत मिली और वह जेल से बाहर आ सके। बीएल कुशवाहा पर आरोप था कि उन्होंने एक हत्या में संलिप्तता दिखायी थी, जिसके कारण उन्हें सजा सुनाई गई थी। हालांकि, अब उनकी जमानत का आवेदन मंजूर होने के बाद वह अपनी आज़ादी का आनंद उठा रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर उनके समर्थकों और परिजनों में खुशी का माहौल है। अब बीएल कुशवाहा के समर्थक उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी जमानत के बाद अदालत में होने वाली आगामी सुनवाई में उनका पक्ष और मजबूत होगा। पूर्व विधायक की रिहाई के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन चुकी है। उनके समर्थक इसे एक बड़ी जीत मान रहे हैं, वहीं विपक्षी दल इसे राजनीतिक नजरिए से देख रहे हैं।

## पार्वती बांध से किसानों को सिचाई के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी- जिला कलक्टर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बसेड़ी 29 नवम्बर 24 की रात्रि 9 बजे से नहर में छोड़ा जायेगा। पानी पार्वती (आंगई) बांध जल वितरण समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में नहर कोठी बसेड़ी में आयोजित की गई। पार्वती सिंचाई परियोजना के चैयरमेन, जल उपयोक्ता संगमों के अध्यक्षों एवं किसानों के साथ हुई बैठक में पार्वती बांध परियोजना की मुख्य नहर को 29 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि 9 बजे खोलने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में पार्वती बांध में 3902.56 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है जिसमें से डेड-स्टोरेज 435.86 एमसीएफटी है एवं पेयजल हेतु 200 एमसीएफटी है। जिसमें से सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा 3227.68 एमसीएफटी है। पार्वती बांध की मुख्य नहर को इसकी अधिकतम क्षमता पर संचालित करने पर नहर को कुल 106 दिनों के लिए चलाया जा सकेगा। पार्वती बांध के नहरी तंत्र की मुख्य नहर एवं 49 माईनरों के माध्यम से धौलपुर जिले की कुल 24667 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी। जिला कलक्टर ने किसानों से पानी का सदुपयोग करने एवं कम पानी की पैदावार वाली फसलें करने की सलाह दी। उन्होंने नहर चलने के दौरान सम्बन्धित सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता सिंचाई को निरन्तर मौके पर पहुंचकर जल वितरण की निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से जल वितरण व्यवस्था में सहयोग देकर नहरों के अन्तिम छोर तक के किसानों को पानी उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई सुरेश चन्द मीणा, अधिशाषी अभियन्ता राजकुमार सिंघल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### आरोपित हेतराम मेघवाल आदतन नशेडी, पूर्व में भी कई नेताओं को दे चुका है धमकियां:- मदन राठौड़

# राजनैतिक दल के बड़े नेता का निजी सहयोगी रह चुके हेतराम मेघवाल ने जान से मारने की धमकी दी थी, पुलिस ने किया गिरफ्तार: मदन राठौड़

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि शुक्रवार सुबह 11.44 बजे मोबाइल पर अनजान नंबरों से किसी हेतराम मेघवाल उर्फ लादूनाथ नाम के व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौज करते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस को मामले की सूचना देते हुए एफआइआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। राठौड़ ने बताया कि मेरा स्वभाव है मैं मोबाइल पर आने वाले हर कॉल का जवाब देता हूं, शायद कोई जरूरत मंद को मदद की आवश्यकता हो। इस लिए मैंने अनजान नंबर से आए फोन को रिसीव किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित हेतराम मेघवाल एक राजनीतिक दल के किसी नेता का सहयोगी भी रह चुका है और धमकी देना स्वीकार कर चुका है। हालांकि पुलिस द्वारा पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपित हेतराम नशे का आदि है और अपने बयान को बार बार बदल रहा है। आरोपित हेतराम कभी इस मामले को देवली-उनियारा के निर्दलीय प्रत्याशी से भी जोड़ रहा है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पुलिस ने रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर की जांच की तो यह नंबर आशीष कुमार के नाम से जारी किया गया था। आशीष ने बताया कि इस नंबर की सिम उसके पिता हेतराम मेघवाल इस्तेमाल कर रहे है। इसके बाद अनुपगढ (गंगानगर) पुलिस ने आरोपित हेतराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित हेतराम कभी कलेक्टर, कभी किसी अन्य राजनेताओं को भी धमकी दे चुका है। हेतराम कभी अपने आप को बिहार का बता रहा था, तो कभी अनुपगढ का। पुलिस ने जांच के बाद अनुपगढ से आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब के नजदीकी इलाकों में नशे का कारोबार तेजी से पांव पसार रहा है, आरोपित आदतन नशेडी भी हो सकता है, इस मामले की पुलिस जांच में खुलासा होगा लेकिन नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की सख्त कार्रवाई सरकार द्वारा की जाएगी। नशे में युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का भी प्रयास किया जा रहा है, यह भी एक तरह का हमला है। वहीं समाज में हो रही अप्रिय घटनाओं को लेकर राठौड़ ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि है और समाज के असामाजिक तत्वों के खिलाफ हमें बोलना ही होगा। समाज में अवांछित घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि समाज अच्छे मार्ग पर चले, ऊंचाइयां प्राप्त करें और नशे जैसी प्रवृत्तियों पर नकेल कसी जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929